**खास बात**

*विष किसी भी नियत से खाया जाय, विष ही का काम करेगा। कभी अमृत नहीं हो सकता। जवानी दीवानी होती है।*
**- प्रेमचंद्र**

।। श्री हरिः ।।

नमामि देवी नर्मदे

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN /2004 /13927

वर्ष - 22 अंक - 135

नर्मदापुरम
सोमवार, 02 मार्च 2026

● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया

Website : www.amritdarshan.com

नर्मदापुरम का प्रथम हिन्दी दैनिक


### ईरान में खामेनेई की मौत पर 40 दिन का राजकीय शोक, सात दिन की छुट्टी घोषित

# खामेनेई की मौत के बाद बदले की आग में जल उठा ईरान

## अमेरिका ने ईरान के अंडरग्राउंड मिसाइल ठिकानों को बनाया निशाना, चार बी-2 बॉम्बर से बरसाए बम




**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले के बाद पूरा मिडिल ईस्ट जंग जैसे हालात के असर में हैं. तीनों देशों की सेनाएं लामबंद हैं और हमले जारी हैं. ईरान ने यूएस और इजरायल के हमलों का जवाब देते हुए मिडिल ईस्ट के अलग-अलग देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों और इजरायल के कई शहरों पर हमले किए हैं. वहीं, तमाम तरह के दावों के बाद ईरानी स्टेट मीडिया ने खामेनेई के मारे जाने की पुष्टि की है।

**ईरान ने इजराइल समेत 9 देशों पर किया हमला**

अमेरिका और इज़रायल ने शनिवार को ईरान पर हमले किए, जिससे मिडिल ईस्ट में मिलिट्री टेंशन बढ़ गया, जो कई हफ्तों से लड़ाई की कगार पर है. इज़रायल ने कहा कि यूएस के नेतृत्व वाले ऑपरेशन ने पहले से हमले किए थे. यूएस प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने एक 'बड़े कॉम्बैट ऑपरेशन' की पुष्टि की क्योंकि ईरान के कई हिस्सों में धमाके सुने गए. ईरान ने जवाबी हमले में 'करारा' जवाब देने का दावा करते हुए इजरायल और मिडिल ईस्ट में स्थित कई अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है. मिडिल ईस्ट के देशों ने अपने एयरस्पेस बंद कर दिए हैं, जबकि कई देशों ने अपने नागरिकों को एडवाइजरी जारी की है, जिसमें गैर-ज़रूरी मूवमेंट से बचने के लिए कहा गया है।

वहीं, दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल ने दावा किया है कि ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई को मारा जा चुका है. इस दावे के बाद ईरानी स्टेट मीडिया ने खामेनेई के मारे जाने की पुष्टि की है. इस युद्ध में ईरान को यमन के हुती विद्रोहियों और लेबनान के हिजबुल्ला का समर्थन मिला है, जबकि इजरायल को अमेरिका का साथ मिल रहा है।

ईरान ने कहा है कि वह अपनी रक्षा करेगा और लड़ता रहेगा. वहीं, इजरायली पीएम नेतन्याहू ने अपने बयान में कहा कि अगर अभी ईरान को नहीं रोका गया तो वह अजेय हो जाएगा. मौजूदा वक्त में मिडिल ईस्ट में तनाव अपने चरम पर है।

मौजूदा घटनाक्रम ऐसे वक्त हुआ है, जब ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर कूटनीतिक वार्ताओं की चर्चा थी. गुरुवार को जिनेवा में दोनों पक्षों के बीच तीसरे दौर की बातचीत हुई थी और आज नए दौर की बातचीत प्रस्तावित थी, लेकिन इजरायल की सैन्य कार्रवाई ने इस कूटनीतिक प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले ही ईरान को 'बहुत कठिन' और 'बहुत खतरनाक' बताया था. अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट ने शुक्रवार को बढ़ते खतरे के मद्देनजर इजरायल से गैर-जरूरी दूतावास कर्मियों को हटाने की अनुमति दी थी।

### ईरान के अंतरिम सर्वोच्च नेता बने अयातुल्ला अराफी



**तेहरान।** अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हवाई हमले में रविवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद सीनियर मौलवी अयातुल्ला अलीरेजा अराफी ईरान के अंतरिम सर्वोच्च नेता के तौर पर काम करेंगे। सरकार से जुड़ी ईरानी छात्र समाचार एजेंसी (आईएसएनए) के अनुसार खामेनेई की मौत के बाद ईरान ने अपने संविधान के आर्टिकल 111 को लागू कर दिया था, जिससे एक आपातकालीन नेतृत्व व्यवस्था शुरू हो गया था। तीन सदस्यों वाली काउंसिल सर्वोच्च नेता की शक्तियां तब तक संभालेगी, जब तक कि कोई स्थाई उत्तराधिकारी नहीं चुना जाता। शनिवार को तेहरान पर अमेरिका-इजराइली के हमले में अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद सीनियर मौलवी अयातुल्ला अलीरेजा अराफी ईरान के अंतरिम सर्वोच्च नेता बनाया गया है। साल 1959 में जन्मे अयातुल्ला अलीरेज़ा अराफी (67) ईरान के मौलवी ग्रुप में एक वरिष्ठ व्यक्ति हैं। अपनी अंतरिम सर्वोच्च नेताकी भूमिका से पहले उन्होंने एक साथ कई अहम पदों पर काम किया। वह ईरान के इस्लामिक मदरसों के नेशनल नेटवर्क के प्रमुख हैं। मौलवी गार्डियन काउंसिल के सदस्य के तौर पर काम करते हैं और असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स में बैठते हैं। उनकी नियुक्ति से सर्वोच्च नेता का अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए ज़िम्मेदार तीन लोगों का कोरम पूरा हो गया है।

### बमबारी में अब तक 215+ मौतें, 1000 से अधिक घायल

अमेरिका और इस्राइल की तरफ से की गई भीषण बमबारी के बावजूद ईरान ने पलटवार जारी रखने की कसम खाई है। देश के राष्ट्रपति और विदेश मंत्री ने साफ किया है कि ईरान पर युद्ध थोपा गया है। अल जजीरा की एक रिपोर्ट के मुताबिक बीते करीब 40 घंटे से अधिक समय की बमबारी में अब तक 215 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। ईरान के अलावा इस्राइल और आसपास के अन्य देशों को मिलाकर 1000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। अकेले ईरान में 201 लोग जान गंवा चुके हैं, जबकि 740 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मिसाइल, गोलाबारी और बमबारी की चपेट में आने वाले अन्य लोग ईराक, कुवैत, कतर, बहरीन, ओमान और यूएई के हैं। हताहतों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। अराघची ने युद्ध के उन्माद के बीच पश्चिम एशिया और अन्य खाड़ी देशों की भूमिका को लेकर कहा, 'मैं इस इलाके में अपने सभी साथियों के संपर्क में रहा हूं। उन्हें ईरान का पक्ष अच्छे तरीके से समझाया गया है। उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि इस इलाके में बसे अन्य देशों की पोजीशन क्या है। वे खुश नहीं हैं, उनमें से कुछ तो गुस्से में भी हैं, कुछ इसे समझने की कोशिश कर रहे हैं। मैं चाहता हूं कि इस इलाके में जो हो रहा है, वह हमारी गलती या मर्जी से नहीं हो रहा है, इस बात को अन्य देश अच्छे से समझें। उन्होंने कहा कि यह युद्ध अमेरिका और इस्राइल ने थोपा है। इसलिए अगर इस क्षेत्र के देश अगर गुस्से में हैं, तो उन्हें इस्राइल और अमेरिका के खिलाफ क्रोधित होना चाहिए। इस युद्ध को रोकने के लिए दबाव ईरान पर नहीं, दूसरी तरफ डालना चाहिए। ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद की मौत का दावा किया गया है। यह दावा ईरान की लेबर न्यूज एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में किया है। उनकी मृत्यु कथित तौर पर रविवार को हुए एक हवाई हमले के कारण हुई है।

### खामेनेई की हत्या पर फूट-फूटकर रोईं महिलाएं और पुरुष, शिया मुसलमान सड़कों पर उतरे, लखनऊ में विरोध प्रदर्शन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को सुबह शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। रोते बिलखते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। यहां तक कि महिलाएं भी सड़कों पर रोते दिखीं। छोटे इमामबाड़े के पास बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग एकत्र हो गए। इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया के अध्यक्ष एवं इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि इस्राइल और यूएस ने मिलकर एक स्वतंत्र देश ईरान पर हमला किया, उन्होंने स्कूलों को भी नहीं छोड़ा। इसकी हम निंदा करते हैं। वहीं शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ़ अब्बास नक़वी ने कहा कि खामेनेई दुनिया के सभी मुसलमानों का ख्याल रखने वाले नेता थे।



### खामेनेई की मौत पर भड़का रूस

**मॉस्को।** अमेरिका और इस्राइल के हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दुख जताया। उन्होंने इसे हत्या करार दिया। यह मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी नियमों का खुला उल्लंघन है।



---

### विकसित भारत में तमिलनाडु का अहम योगदान

# पीएम ने तमिलनाडु-पुडुचेरी में 7,100 करोड़ के प्रोजेक्ट्स शुरू किए



■ **तिरुप्परनकुंद्रम में मंदिर में पूजा की**

**चेन्नई ■ एजेंसी**

पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को पुडुचेरी और तमिलनाडु पहुंचे। पुडुचेरी में उन्होंने 2700 करोड़ और तमिलनाडु में 4,400 करोड़ रुपए से ज्यादा के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। साथ ही तमिलनाडु में ही आठ नए बने अमृत भारत रेलवे स्टेशनों, तीन नए आकाशवाणी एफएम रिले ट्रांसमीटर का उद्घाटन किया।

इसके बाद मोदी ने मदुरै में सभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा, तमिलनाडु राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। हमारा सामूहिक लक्ष्य एक विकसित भारत के लिए एक विकसित तमिलनाडु है। इसके बाद पीएम मदुरै के तिरुप्परनकुंद्रम स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर भी गए। वहां उन्होंने पूजा-अर्चना की और दंडवत प्रणाम किया। मंदिर के पुजारियों ने पीएम को भगवान की तस्वीर भेंट की।

हाल ही में मैंने सुना कि डीएमके के किसी व्यक्ति ने कहा कि उन्हें मेरे पिता या मुझसे डर नहीं लगता। मैं यह बात स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि लोकतंत्र में कोई किसी से नहीं डरता। इसलिए, जब कोई कहता है कि उन्हें मुझसे डर नहीं लगता, तो वे मेरी आलोचना नहीं कर रहे हैं; बल्कि वे लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति मेरी प्रतिबद्धता की सराहना कर रहे हैं।

आज तमिलनाडु की महिलाएं गंभीर संकट में हैं। अपराध बढ़ रहा है। लगभग हर दूसरे दिन महिलाओं के खिलाफ किसी न किसी अपराध की खबर सुनने को मिलती है। इसके अलावा, महिलाएं अपने परिवारों को ड्रग माफिया और शराब के चंगुल में बर्बाद होते देख रही हैं।

---

## दिल्ली बैठक में सहमति, होली बाद हो सकती है निगम-मंडलों में नियुक्तियां

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**



मध्य प्रदेश में लंबे समय से प्रतीक्षारत निगम मंडल, आयोग और प्राधिकरण में नियुक्ति को लेकर भाजपा में अंतिम सहमति तक़रीबन बन गई है। होली के बाद निगम मंडलों में नियुक्ति के आदेश जारी होना शुरू हो सकते हैं।

नई दिल्ली में शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष और राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश के साथ सीएम डॉ. मोहन यादव व प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की बैठक हुई। इसमें निगम मंडल और प्राधिकरण में राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर लंबी चर्चा हुई। पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री से भी प्रदेश के नेताओं की चर्चा हुई। प्रदेश में 50 सरकारी निगम मंडल व प्राधिकरण हैं। इनमें अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के तौर पर राजनीतिक नियुक्तियां होती हैं।

## मध्य पूर्व तनाव से हवाई सेवा प्रभावित, दिल्ली एयरपोर्ट पर 100 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



मध्य-पूर्व संकट के बीच राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (आईजीआईए) पर रविवार को 100 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई। पश्चिम एशिया में मौजूदा संकट के कारण विमानन कंपनियां परिचालन संबंधी दिक्कतों से जूझ रही हैं।

पश्चिम एशिया में ताजा घटनाक्रम के मद्देनजर आईजीआईए पर प्रस्थान एवं आगमन से संबंधित क्रमशः 60 और 40 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द की गई हैं। टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने अब तक विदेश के लिए 50 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं। इस बीच इंडिगो ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी कर कहा है कि हम मिडिल ईस्ट और आस-पास के इलाकों में हो रहे डेवलपमेंट पर पूरी सावधानी से नजर रख रहे हैं। हम समझते हैं कि यह समय अनिश्चित लग सकता है और हम आपको भरोसा दिलाना चाहते हैं कि हर फ़ैसला सावधानी और समझदारी से लिया जा रहा है।

एयरलाइन ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए मिडिल ईस्ट एयरस्पेस का इस्तेमाल करने वाली कुछ इंटरनेशनल उड़ानों का अस्थाई निलंबन 2 मार्च की रात 11:59 बजे आईएसटी तक बढ़ा दिया गया है।

## कैसे भारत ने ध्वस्त किए थे पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन मध्य-पूर्व में तनाव के बीच पीएम मोदी का बयान चर्चा में

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



मध्य-पूर्व में गहराते तनाव से पूरी दुनिया चिंतित है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन की आधिकारिक पुष्टि के बाद इस क्षेत्र में संघर्ष के और अधिक भीषण होने की आशंका जताई जा रही है। इसी बीच, सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक पुराना वीडियो फिर से चर्चा में है। इस वीडियो के माध्यम से 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और भारत की सैन्य शक्ति की सराहना की गई है।

जुलाई 2025 में प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का जिक्र किया था। उन्होंने बताया, '9 मई को पाकिस्तान ने करीब एक हजार मिसाइलों और ड्रोन से भारत पर बहुत बड़ा हमला करने की कोशिश की। यह मिसाइलें भारत के किसी भी हिस्से पर गिरती, तो वहां भयंकर तबाही मचती, लेकिन एक हजार मिसाइलों और ड्रोन को भारत ने आसमान में ही चूर-चूर कर दिया।'

पीएम मोदी ने आगे कहा, 'पाकिस्तान ने आदमपुर एयरबेस पर हमले का झूठ फैलाया, उस झूठ को बेचने की भरपूर कोशिश की, पूरी ताकत भी लगा दी। मैं अगले ही दिन आदमपुर पहुंचा और खुद जाकर उनके झूठ को मैंने बेनकाब कर दिया। तब जाकर उनकी अकल ठिकाने लगी कि अब यह झूठ चलने वाला नहीं है।'

भाजपा की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रधानमंत्री मोदी का वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा, 'जब हम दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से तबाही के नजारे देखते हैं, तो यह साफ याद दिलाता है कि शांति कितनी नाजुक हो सकती है।'

---

## संक्षिप्त समाचार

### बड़वानी में कृषि कैबिनेट से पहले एसपी की पोस्टिंग, पदम विलोचन शुक्ला को मिली जिम्मेदारी

**भोपाल।** बड़वानी में सोमवार को होने वाली कैबिनेट बैठक के पहले राज्य शासन ने यहां एक महीने से रिक्त एसपी के पद पर पदम विलोचन शुक्ला की पदस्थापना की है। यहां पदस्थ पुलिस अधीक्षक जगदीश डाबर 31 जनवरी को रिटायर हो गए थे। इसके बाद से यह पद रिक्त था और प्रभार के सहारे व्यवस्था चल रही थी। गृह विभाग से जारी आदेश में रविवार से 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी पद्म विलोचन शुक्ला को पुलिस अधीक्षक बड़वानी पदस्थ किया है। शुक्ला अभी पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर के पद पर पदस्थ हैं।



### मप्र में होली की खुशी दोगुनी, तीन मार्च के साथ अब चार मार्च को भी सार्वजनिक अवकाश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में होली पर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। प्रदेश के हजारों स्थानों पर सोमवार को होलिका दहन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस बार होली का मुख्य दिन कुछ अलग रहेगा, क्योंकि तीन मार्च को खग्रास चंद्रग्रहण है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ग्रहण के दौरान सूतक काल लागू रहता है और इस अवधि में उत्सव नहीं मनाया जाता है, इसलिए इस साल होली का रंगोत्सव दहन के दूसरे दिन के बजाए 4 मार्च बुधवार को तीसरे दिन मनाया जाएगा। राज्य सरकार ने पहले ही 3 मार्च को होली के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था, लेकिन अब रविवार को जारी नए आदेश के अनुसार, अब 3-4 मार्च को सार्वजनिक और सामान्य अवकाश रहेगा। यह आदेश 'निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट 1881' के तहत लिया गया है। धार्मिक और खगोलीय कारणों से होली उत्सव का दिन बदलना आवश्यक था, ताकि जनता को असुविधा न हो।

## बोत्सवाना से सही-सलामत कूनो पहुंचे नए मेहमान केंद्रीय मंत्री ने प्रतीकात्मक रूप से रिलीज किया

**सीएम ने पीएम की पहल पर शुरूकिया था चीता प्रोजेक्ट**

**श्योपुर ■ एजेंसी**



मुख्यमंत्री ने खुशी जताते हुए बताया कि मध्य प्रदेश पर्यटन के मामले में लगातार आगे बढ़ रहा है और इस साल राज्य में आने वाले सैलानियों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लुप्त हो रहे जीवों को बचाने की बात कही। उन्होंने पालपुर किले के सामने कूनो नदी में कुल 53 घड़ियाल और 25 कछुए छोड़े।

इन 53 घड़ियालों में 28 नर और 25 मादाएं शामिल हैं। इसके साथ ही, दुर्लभ प्रजाति के 25 कछुए भी नदी के पानी में छोड़े गए। सीएम ने साफ किया कि राज्य सरकार वन्यजीवों की सुरक्षा और उनके संरक्षण के लिए पूरी तरह गंभीर है। डॉ. यादव ने पीएम की पहल पर शुरू हुए चीता प्रोजेक्ट का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि यह योजना काफी सफल साबित हो रही है। हाल ही में बोत्सवाना से 9 और चीते लाए गए हैं, जिसके बाद अब मप्र में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 48 हो गई है। यह प्रदेश के वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

### तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल को घुसपैठियों का अड्डा बना रही है: नड्डा

**नदिया।** भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने रविवार को पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य को योजनाबद्ध तरीके से 'घुसपैठियों का अड्डा' बनाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि इस नीति के चलते बंगाल के मूल निवासी आने वाले समय में अल्पसंख्यक बन सकते हैं। नड्डा कृष्णानगर में भाजपा की 'परिवर्तन यात्रा' के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि तृणमूल सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति ने राज्य की सामाजिक संरचना और कानून-व्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। नड्डा ने आरोप लगाया कि जहां एक ओर घुसपैठियों को संरक्षण मिलता है, वहीं आम नागरिकों—खासकर माताओं-बहनों—की सुरक्षा को नजरअंदाज किया जाता है।



### नागपुर फैक्ट्री में विस्फोट

## 17 की मौत, 18 घायल, मुख्यमंत्री ने की आर्थिक मदद की घोषणा

**मुंबई ■ एजेंसी**

महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार सुबह विस्फोटक निर्माण फैक्ट्री 'एसबीएल एनर्जी लिमिटेड' में हुए धमाके में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 18 अन्य गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को तत्काल नागपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, रविवार सुबह करीब 7:15 बजे फैक्ट्री की डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में अचानक तेज धमाका हुआ। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि यूनिट में तुरंत भीषण आग लग गई और आसपास के क्षेत्रों में दहशत फैल गई। धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई, जिससे स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई।



**मृतकों के परिजनों को मिलेंगे 5 लाख**

इस बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना को अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मृतक के आश्रितों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

### मोहन सरकार की पहली 'कृषि कैबिनेट' बैठक आज

## नागलवाड़ी से तय होगी निमाड़ के किसानों के विकास की दिशा

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में राज्य सरकार अपनी पहली 'कृषि कैबिनेट' बैठक का आयोजन कर रही है। दो मार्च को जनजातीय बाहुल्य जिले बड़वानी जिले के नागलवाड़ी में यह बैठक होगी। सरकार का उद्देश्य कृषि संबंधी नीतियों को सचिवालय के बंद कमरों से बाहर निकालकर सीधे किसानों के बीच ले जाना है।*

*इस बैठक के केंद्र में निमाड़ अंचल के साथ-साथ प्रदेश के किसान और जनजातीय वर्ग होगा। आदिवासी बाहुल्य जिलों में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, उन्नत बीजों की उपलब्धता, कृषि उत्पादों के लिए बेहतर बाजार और किसानों की आय दोगुनी करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लिए जाएंगे। बैठक में मसाला फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए एक नई योजना पर चर्चा और निर्णय हो सकता है। पशुपालन को आधुनिक बनाने के लिए किसानों को विदेश में विशेष प्रशिक्षण दिलाने के प्रस्ताव पर भी विचार किया जाएगा। किसानों के खातों को 'समग्र आईडी' से लिंक करने पर निर्णय लिया जा सकता है, ताकि कृषि संबंधी सभी जानकारियां सीधे उनके मोबाइल ऐप पर मिल सकें। प्रदेश सरकार वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। सरकार किसानों के बीच जाकर काम कर रही है। लगभग ढाई हजार की जनसंख्या वाला ग्राम नागलवाड़ी जनजातीय बहुल ग्राम है। बैठक लिए नागलवाड़ी का चयन करने के प्रमुख कारणों में पहला निमाड़ अंचल का यह इलाका कृषि गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है।*



### मुख्यमंत्री करेंगे किसानों के साथ संवाद

*राज्य मंत्रिमंडल सोमवार को पूरा दिन नागलवाड़ी में रहेगा, जहां कृषि कैबिनेट समेत प्रबुद्धजन एवं किसानों के साथ संवाद होगा और कृषि एवं जनजातीय कल्याण पर केंद्रित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। किसानों को सरकार के उनके लिए किए जा रहे कामों को गिना जाएगा। वहीं, सीएम कैबिनेट सदस्यों के साथ जनजातीय समाज के जुलवानिया में आयोजित भगोरिया उत्सव में भी शामिल होंगे। सभी कार्यक्रमों में जनजातीय परम्परा की स्पष्ट झलक दिखाई देगी।*

### टी-20 वर्ल्डकप : भारत सेमीफाइनल में पहुंचा, वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया

**कोलकाता।** वेस्टइंडीज को अहम मुकाबले में पांच विकेट से हराकर भारत टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंच गया। अब टीम का सामना पांच मार्च को वानखेड़े में इंग्लैंड से होगा। रविवार को कोलकाता में खेले गए मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। टीम ने 20 ओवर में चार विकेट पर 195 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने संजू सैमसन की 97 रनों की विस्फोटक पारी की मदद से 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 199 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।





## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जलालपुर पहुँचकर विधायक लोधी की माताजी के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को ग्वालियर जिले के ग्राम जलालपुर पहुँचकर विधायक प्रीतम लोधी की माताजी स्व. श्रीमती भागवती बाई के निधन पर शोक संवेदनाएँ व्यक्त कीं। उन्होंने दिवंगत स्व. भागवती जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि प्रदान की। इस अवसर पर वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, जयप्रकाश राजौरिया, प्रेमसिंह राजपूत सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। विधायक प्रीतम लोधी की माताजी श्रीमती भागवती बाई का गत 26 फरवरी को लगभग 100 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया था।

### ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इंदौर में की समीक्षा

# आरडीएसएस के कार्यों का समय पर उपभोक्ताओं को मिले लाभ: ऊर्जा मंत्री तोमर

भोपाल ■ निसं

बिजली उपभोक्ताओं की सुविधाओं के लिए विद्युत कंपनी की टीम गंभीरता से कार्य करे। आरडीएसएस के नए कार्यों का समय पर उपभोक्ताओं को लाभ मिले, ताकि उपभोक्ता संतुष्टि में बढ़ोत्तरी हो। उपभोक्ता सुविधाओं से संबंधित कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ये बातें रविवार को पोलोग्राउंड इंदौर स्थित पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक कार्यालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान कही उन्होंने कहा कि आरडीएसएस के सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए नए कार्य हो रहे हैं। यह कार्य गुणवत्ता से हो, समय से पूर्ण किए जाए। ताकि परियोजना का उद्देश्य समय पर पूरा हो। तोमर ने कहा कि



आरडीएसएस अंतर्गत जो ऐजेंसियों लापरवाही कर रही है, उन पर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही अच्छा कार्य करने वाले एजेंसी को नियमानुसार अतिरिक्त कार्य दिया जा सकता है। श्री सिंह ने केपेसिटर बैंक की स्थापना के बाद उनका गुणवत्ता परीक्षण एवं उनसे हो रहे फायदे की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएबीएल, एलटीएमटी लेब का सतत पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए।

कंपनी के प्रबंध निदेश अनूप कुमार सिंह ने कहा कि आरडीएसएस अंतर्गत 97 में से 87 ग्रिड का कार्य पूर्ण कर बिजली आपूर्ति शुरू की गई हैं। वहीं सात हजार सात सौ ट्रांसफार्मर लगाए जा चुके है। एलटी केबल कार्य, अंडर ग्राउंड केबल, ग्रिड रिनोवेशन व अन्य कार्य सतत पूर्ण होते जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान, मुख्य अभियंता एसएस करवाड़िया, श्रीमती सुषमा वैश्य, आरसी जैन, एससी वर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## भोपाल मंडल होकर पोत्तनूर जंक्शन-बरौनी जंक्शन के मध्य एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन

**भोपाल।** रेलवे द्वारा आगामी त्यौहारों होली पर यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में दक्षिण रेलवे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 06021/06022 पोत्तनूर जंक्शन-बरौनी जंक्शन-पोत्तनूर जंक्शन एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर अपने गंतब्य को जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल के क्षेत्राधिकार में आने वाले समय-सारणी का विवरण निम्नानुसार है:- पोत्तनूर जंक्शन-बरौनी जंक्शन-पोत्तनूर जंक्शन एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन (02-02 ट्रिप) गाड़ी संख्या 06021 पोत्तनूर जंक्शन से बरौनी जंक्शन एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनाँक 02 एवं 09 मार्च 2026 को पोत्तनूर जंक्शन स्टेशन से भोर 04:30 बजे प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए अगले दिन इटारसी दोपहर 15:10 बजे, जबलपुर शाम 18:15 बजे, सतना रात 21:45 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन दोपहर 14:00 बजे बरौनी जंक्शन स्टेशन पहुँचेगी। (02 सेवाएं) इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06022 बरौनी जंक्शन से पोत्तनूर जंक्शन एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनाँक 05 एवं 12 मार्च 2026 को बरौनी जंक्शन स्टेशन से दोपहर 13:15 बजे प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए अगले दिन सतना प्रात: 05:25 बजे, जबलपुर 08:10 बजे, इटारसी दोपहर 14:00 बजे और तीसरे दिन रात 23:30 बजे पोत्तनूर जंक्शन स्टेशन पहुँचेगी। (02 सेवाएं)

**कोच कम्पोजीशन:** इस गाड़ी में 18 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे।

**ट्रेन के हाल्ट:** रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में तिरुप्पूर, ईरोड जंक्शन, सेलम जंक्शन, जोलारपेट्टै जंक्शन, काटपाडी जंक्शन, पेरम्बूर, गूडूर जंक्शन, नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जंक्शन, विजयवाड़ा जंक्शन, खम्मम, वारंगल, रामागुंडम, सिरपुर कागजनगर, बल्लारशाह जंक्शन, चन्द्रपुर, नागपुर जंक्शन, बैतूल, इटारसी जंक्शन, जबलपुर, सतना जंक्शन, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, चुनार जंक्शन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जंक्शन एवं शाहपुर पटोरी स्टेशनों पर रुकेगी। यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, एनटीइएस या रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन रेलवे वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है।

### नकली-केमिकल रंगों की बिक्री पर रोक नहीं

# होली का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में रंगों की धूम

भोपाल ■ निसं

मध्य प्रदेश में होली का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में रंगों की धूम है, लेकिन नकली और केमिकल वाले रंगों की बिक्री ने लोगों की सेहत को खतरे में डाल दिया है। ऐसा नहीं कि यह पहली बार होज्हां लेकिन जो हम आपको बता रहे हैं यह पहली बार ही है कि सरकार हर बार की तरह इस बार भी सो रही है।

दरअसल, मध्य प्रदेश में मिलावट के लिए तो कई कानून, प्रावधान है। कड़ी सजा भी है, लेकिन बात अगर नकली, केमिकल युक्त और बेहद हानिकारक रंगों की जाए तो मामला जीरोज्मतलब न कोई प्रावधान न कोई लैब, तो जांच की बात तो दूर दूर तक नहींज्जबकि हर साल लोग हजारों की संख्या में नकली या केमिकल युक्त हानिकारक रंग गुलाल के शिकार हो जाते हैं।



### कई बीमारियों का खतरा

बाजार में कुछ कंपनियां इस बात का दवा जरूर करती हैं कि उनके बेचे जाने वाले रंग और गुलाल प्राकृतिक हैं या आयुर्वेदिक औषधि युक्त है, लेकिन इन दावों का कोई प्रमाण पत्र कंपनियों के पास नहीं है। हानिकारक रंगों से त्वचा जलाने, एलर्जी और आंखों को नुकसान समेत कई गंभीर बीमारियों का खतरा होता है। आश्चर्य की बात तो यह भी है कि नकली और असली रंगों में पहचान कर पाना ग्राहक तो दूर दुकानदार और थोक मार्केट विक्रेताओं के भी बस की बात नहीं है।

### कांग्रेस ने सरकार पर बोला हमला

इस मामले को लेकर कई जिम्मेदार अधिकारियों से बातचीत भी की, लेकिन अफसर है कि नीतिगत निर्णय ही न होने के कारण कैमरे के सामने कुछ भी बोले बताने से साफ इनकार हैं। रंगों की खतरनाक खेल को लेकर कांग्रेस पार्टी से पूर्व कानून मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि सालों से सत्ता में काबिज सरकार में सिर्फ दिखावा है। बड़े-बड़े दावों के अलावा कुछ नहीं है। सरकार को मामले पर तत्काल एक्शन लेना चाहिए।

साथ ही साथ नीति बनाने और मिलावट से संबंधित कठोर प्रावधान भी करना चाहिए, लेकिन यह काम तो कांग्रेस सरकार में भी नहीं हुआ। इधर बीजेपी ने दावा किया कि मामले पर भी संज्ञान लिया जाएगा। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय सिंह यादव ने कहा कि होली त्यौहार में स्वास्थ्य और पुलिस महकमा सुरक्षा के लिए मुस्तैद है। स्थानीय प्रशासन भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है।

## बौद्धिक संवाद समूह की मासिक संगोष्ठी



मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण एक आवश्यक प्रक्रिया है : ओपी रावत बौद्धिक संवाद समूह की संगोष्ठी भारतीय विद्या भवन एमपी नगर जोन 1 में आयोजित की गई इस संगोष्ठी में श्री ओ पी रावत पूर्व चुनाव आयुक्त 'मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण एवं चुनाव प्रणाली विषय 'पर अपने विचार किए

उन्होंने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया आवश्यक है इसके क्रियान्वयन में कुछ विसंगतियां ज़रूर हे फिर भी चुनाव आयोग इसे करने में सफल रहा है भारत एक विश्व का सबसे बड़ा जनतंत्र है जिसमें चुनाव करना किसी चुनौती से कम नहीं है फिर भी भारत की चुनाव पद्धतियों विश्व में श्रेष्ठ है उन्होंने श्रोताओं के प्रश्नों के उतर दिए।

इस अवसर पर भारतीय विद्या भवन के अध्यक्ष श्री एस के राउत पूर्व डीजीपी मध्य प्रदेश , अवधेश प्रताप सिंह कार्यवाहक मानव अधिकार अध्यक्ष ,डॉ महेश शुक्ला, सलिल चटर्जी शिखा छिब्बर शैलेंद्र ओझा भी उपस्थित रहे।

## रेल अधिकारियों के नाम पर फर्जी कॉल: सतर्क रहें, सुरक्षित रहें

भोपाल ■ निसं

भोपाल। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल द्वारा सभी रेलकर्मियों एवं पेंशनर्स को महत्वपूर्ण सुरक्षा परामर्श जारी किया गया है। हाल ही में यह पाया गया है कि कुछ अज्ञात व्यक्ति रेल अधिकारियों का नाम लेकर सेवानिवृत्त एवं सेवानिवृत्ति के निकट कर्मचारियों को फोन कॉल कर रहे हैं और बैंक खाता, एटीएम विवरण, ओटीपी, पिन तथा अन्य गोपनीय जानकारी मांग रहे हैं।

**भोपाल मंडल ने रेलकर्मियों एवं पेंशनर्स के लिए जारी की एडवाजरी**

रेल प्रशासन स्पष्ट रूप से सूचित करता है कि रेलवे का कोई भी अधिकारी या विभाग फोन पर बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी, ओटीपी, पिन अथवा पासवर्ड नहीं मांगता है। इस प्रकार की कॉल पूर्णत: फर्जी एवं धोखाधड़ी का प्रयास है।

क्या न करें: फोन पर ओटीपी, पिन, पासवर्ड या बैंक विवरण साझा न करें। किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। संदिग्ध कॉल करने वाले व्यक्ति के दबाव में न आएं।

क्या करें: किसी भी सूचना की पुष्टि संबंधित कार्यालय या बैंक शाखा में व्यक्तिगत रूप से करें। संदिग्ध कॉल/संदेश की तुरंत सूचना दें। अपने परिजनों एवं सहकर्मियों को भी जागरूक करें।

रेल प्रशासन सभी कर्मचारियों एवं पेंशनर्स से अपील करता है कि वे सतर्कता एवं जागरूकता को ही अपनी सुरक्षा का सबसे बड़ा साधन बनाएं। साइबर अपराधियों से बचाव हेतु सावधानी ही सर्वोत्तम उपाय है।

## एम्स द्वारा नेत्र जांच शिविर एवं नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

भोपाल ■ निसं

एम्स भोपाल लगातार समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए समर्पित प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ, प्रो. (डॉ.) माधवानन्द कर के नेतृत्व तथा प्रो. (डॉ.) भावना शर्मा (विभागाध्यक्ष, नेत्र विज्ञान विभाग) के मार्गदर्शन में नेत्र बैंक टीम द्वारा सेरेब्रल पाल्सी एसोसिएशन ऑफ इंडिया, जाटखेड़ी में नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम और नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष रूप से बहु-विकलांगता से ग्रसित बच्चों में दृष्टि संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान करना और उनके परिजनों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। शिविर में 65 से अधिक सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों की नेत्र जांच की गई। इसके अतिरिक्त वहां उपस्थित बच्चों के अभिभावकों तथा संस्थान के स्टाफ की भी आंखों की जांच की गई। जिन बच्चों अथवा अभिभावकों में आगे उपचार की आवश्यकता पाई गई, उन्हें एम्स भोपाल में परामर्श और उपचार के लिए संदर्भित किया गया। यह पहल महत्वपूर्ण है, क्योंकि समय पर नेत्र जांच से दृष्टि संबंधी समस्याओं का शीघ्र पता लगाया जा सकता है और स्थायी दृष्टि हानि से बचा जा सकता है। साथ ही, नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि मृत्यु के बाद नेत्रदान करके किसी जरूरतमंद को नई रोशनी दी जा सकती है।



कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों में नेत्रदान के प्रति रुचि जगाई और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने की भावना को मजबूत किया।

## गौमांस तस्करी के आरोपी असलम चमड़े के करीबी को ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार

भोपाल(ईएमएस)। निशातपुरा पुलिस ने रेलवे के बर्खास्त कर्मचारी राजेश तिवारी को ब्लैकमेलिंग के आरोप में गिरफ्तार करने के बाद आगे की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया है। आरोपी के पास से पुलिस को नगदी के अलावा दो ग्राम एमडी ड्रग्स व अवैध पिस्टल भी बरामद हुई है। आरोपी ने गोमांस तस्कर असलम चमड़ा के करीबी को ब्लैकमेल करते हुए रुपए की मांग की थी। इसकी डील तीन लाख रुपए में तय हुई थी। पुलिस ने आरोपी को 50 हजार रुपए लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले वह एक लाख रुपए ले चुका है। पुलिस ने यह कार्रवाही असलम चमड़ा के करीब शाहजेब उर्फ जिब्बी की शिकायत पर की है। डील करते व नोटों की गड्डी लेते आरोपी का वीडियो भी वायरल हुआ है। पुलिस ने उससे रातभर पूछताछ की, लेकिन अधिक जानकारी सामने नहीं आ सकी है, वहीं उसके मोबाइल को फॉरेंसिक लैब में जांच के लिए भेजा है, जिससे कई राज खुल सकते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि उसके मोबाइल में ब्लैकमेलिंग से जुड़े कई वीडियो हैं। जिसके आधार पर पुलिस आगे की जांच करेगी। पुलिस उससे यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है, कि उसके पास पिस्टल और एमडी ड्रग्स कहां से आई। और वह भोपाल के किन तस्करों के संपर्क में था। रिमांड खत्म होने के बाद रविवार को उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी राजेश तिवारी कई लोगों को ब्लैकमेल कर चुका है, जिसके वीडियो उसके मोबाइल में मिले हैं।

**चमड़ा के करीबी जिब्बी को किया था ब्लेकमेल:** जानकारी के मुताबिक जहांगीराबाद निवासी शाहजेब खान उर्फ जिब्बी गोमांस तस्कर असलम चमड़ा का नजदीकी है। पूर्व रेलकर्मी राजेश तिवारी लगातार शाहजेब खॉन के खिलाफ सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर रहा था। वह अपने वीडियो में उसे गोमांस तस्कर और भू-माफिया बताता था। बीती 26 फरवरी को शाहजेब ने इस मामले में निशातपुरा थाने में शिकायत की थी। अपनी शिकायत में उसने कहा था की राजेश तिवारी ने उसे बदनाम न करने के बदले तीन लाख रुपए मांगे हैं। शिकायत के बाद प्लान के अनुसार शाहजेब रकम देने के लिए तैयार हो गया और शुक्रवार देर रात रुपए देने के लिए राजेश तिवारी को निशातपुरा इलाके में बुलाया। वहॉ पुलिस ने उसे नोटों की गड्डी लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को आरोपी के कब्जे से एमडी ड्रग्स के अलावा अवैध पिस्टल, मोबाइल फोन और कई संदिग्ध दस्तावेज व वीडियो भी मिले हैं।

## किशोरी को किडनेप कर गुजरात ले गया था आरोपी, पुलिस ने किया दस्तयाब

**भोपाल।** पुराने शहर की थाना शाहजहाँनाबाद पुलिस ने अपहरण की गई नाबालिक किशोरी को काफी प्रयासो के बाद आखिकार अहमदाबाद गुजरात से सकुलश दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द कर दिया है। किशोरी को आरोपी युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ गुजरात ले गया था। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती 18 फरवरी को थाना इलाके में स्थित राम नगर में रहने वाले भूपत सिंह (परिवर्तित नाम) ने अपनी 16 वर्षीय नाबालिक बालिका के घर से बिना बताये ही संदिग्ध हालत में कहीं चले जाने की सूचना दी थी। पुलिस ने पहले गुम इंसान का मामला कायम कर जाँच मे लिया। जाँच में गुमशुदा नाबालिक बालिका को अज्ञात आरोपी द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने की आशंका पर से प्रकरण में अपहरण की धाराओ का इजाफा कर पड़ताल शुरु की गई। पुलिस टीम ने नाबालिक बालिका की तलाश के लिये मुखबिर तंत्र की मदद के साथ ही तकनीकी छानबीन की। आाखिरकार अहम सुराग हाथ लगने पर नाबालिक बालिका एवं संदेही आरोपी की तलाश में पुलिस टीम अहमदाबाद गुजरात रवाना की गई। वहॉ पुलिस ने नाबालिक बालिका को दस्तयाब करने के साथ ही उसका अपहरण कर ले जाने वाले आरोपी घन्शू उर्फ घनश्याम मीणा पिता अचल सिंह मीणा (24) निवासी ग्राम डोलरा लाबांखेडा जिला भोपाल को शक्ती आर्चेड के सामने थाना बिठलापुर अहमदाबाद गुजरात से गिरफ्तार कर लिया।

### मराठी चैनल 'भोपाली कट्टा' का भव्य शुभारंभ

# मराठी भाषा के प्रोत्साहन के लिए यह पहल अत्यंत सराहनीय है गोडबोले

भोपाल ■ निसं

भोपाल में मराठी साहित्य और संस्कृति को समर्पित एक नए युग की शुरुआत 1 मार्च 2026 को हुई, जब 'होम ऑफ टेक्नो क्रिएशन प्रोडक्शन हाउस' द्वारा मराठी यूट्यूब चैनल 'भोपाळी कट्टा' का भव्य शुभारंभ किया गया। यह समारोह मनीषा मार्केट स्थित स्टूडियो में आयोजित हुआ, जहां शहर के मराठी साहित्य, कला और मीडिया जगत की प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति रही।

16 वर्षों की सृजनात्मक यात्रा का विस्तार: 'होम ऑफ टेक्नो क्रिएशन प्रोडक्शन हाउस' पिछले 16 वर्षों से फिल्म निर्माण और तकनीकी क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। एक वर्ष पूर्व हिंदी चैनल ।।ह्ज्ञष्ट हिन्दी पॉडकास्ट की शुरुआत की गई थी, जिसे व्यापक सफलता मिली। इसी सफलता और समाज के सुझावों के आधार पर मराठी भाषा के लिए समर्पित चैनल 'भोपाळी कट्टा' की परिकल्पना साकार हुई।



लोकार्पण एवं उद्घाटन: चैनल का औपचारिक उद्घाटन मध्यप्रदेश मराठी साहित्य अकादमी के निदेशक संतोष गोडबोले द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि- 'मराठी भाषा के प्रोत्साहन के लिए यह पहल अत्यंत सराहनीय है। यदि सामूहिक सहयोग मिला, तो यह प्रदेश का अग्रणी मराठी पॉडकास्ट चैनल बन सकता है।' उन्होंने सभी मराठी संगठनों और समुदाय से इस मंच को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान भी किया।

पहला पॉडकास्ट: मराठी साहित्य की जीवंत चर्चा: कार्यक्रम के दौरान मुंबई से पधारी वरिष्ठ मराठी साहित्यकार डॉ. निर्मोही फडके का विशेष साक्षात्कार रिकॉर्ड किया गया। यह संवाद भोपाल के वरिष्ठ रंगकर्मी एवं निर्देशक विवेक सावरिकर मृदुल द्वारा लिया गया। इस रोचक बातचीत में मराठी साहित्य की जीवंतता, उसकी गंभीरता, बदलते सामाजिक संदर्भों और नई पीढ़ी की भूमिका जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। इस पहले एपिसोड का प्रसारण होली के अवसर पर दिनांक 6 मार्च 2026 को किया जाएगा।

संचालक की घोषणा और आगामी योजनाएं: चैनल के संचालक एवं निर्देशक संजय पाथ्रडकर ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए 'भोपाली कट्टा' की कार्यप्रणाली और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया- 'यह मंच केवल टेक्नो क्रिएशन या किसी एक संस्था का नहीं, बल्कि संपूर्ण मराठी समुदाय का है। हम सब मिलकर इसे आगे बढ़ाएंगे।'

उन्होंने बताया कि भविष्य में साहित्य, संगीत, रंगमंच, समाजसेवा और युवा प्रतिभाओं को मंच देने के लिए विशेष श्रृंखलाएं प्रारंभ की जाएंगी।

गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख थे-ज़ दीपक जी गुप्ता (मराठी साहित्य अकादमी)

पुरुषोत्तम सप्रे (अध्यक्ष, मध्यप्रदेश मराठी साहित्य संघ) शेखर करहडकर (उपनिदेशक, अलाउद्दीन खान संगीत अकादमी) संगीतकार एवं निर्देशक कृष्णा पंडित 'गुत्थी टाइम' समाचार पत्र की संपादक पूनम चौकीकरज़ शिशिर एवं माधुरी खर्डेनवीस सुनील अवसरकर दीपक ओखदे श्रीमती सुषमा ठाकुर निशा कवीश्वर ज्योति सावरीकर तथा अन्य अनेक साहित्यिक और सांस्कृतिक हस्तियां।

भोपाल में मराठी संस्कृति को नया मंच 'भोपाली कट्टा' केवल एक यूट्यूब चैनल नहीं, बल्कि मराठी भाषा, साहित्य और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन का एक सशक्त माध्यम बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा होली में चंद्र ग्रहण,

# होली की पूर्णिमा में सन 2043 ई में ग्रहण पड़ेगा

भोपाल ■ निसं


होली की पूर्णिमा पर लगने वाला ग्रहण हमेशा धुड़ेली एवं चल समारोह को प्रभावित करता है। कारण यह है कि ग्रहण एवं सूतक काल में देवताओं पर कष्ट रहता है ,अत: हम उत्साह कैसे मान सकते हैं इस कारण यह उमंग,उत्साह का त्यौहार ग्रहण के दूसरे दिन मनाया जाता है। मंदिरों के पट बंद होने से देवताओं पर । होली की पहली राख, रंग, गुलाल अर्पित नहीं हो पता एवं होली की शुरुआत भी नहीं हो पाती है इस कारण ग्रहण समाप्ति के पश्चात ही होलिका उत्सव प्रारंभ होता है।

**लगातार तीन ग्रहण पड़ने से बनेगा: त्रि ग्रहण योग**

ज्योतिष मठ संस्थान के ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद गौतम ने बताया इसके पूर्व भी फाल्गुन शुक्ल होली पूर्णिमा को ग्रहण पड़े थे। 3 मार्च 2007 ई एवं 13 मार्च 19 79 ई में भी होली पूर्णिमा पर ग्रहण पड़ा था अब 3 मार्च 2026 को एक बार पुन: होली की पूर्णिमा पर ग्रहण पड़ रहा है, इसके पश्चात 25 मार्च 2043 ई को होली की पूर्णिमा पर ग्रस्तोदय चंद्र ग्रहण होगा।

पंडित गौतम के अनुसार ग्रहण हमेशा नाम के अनुसार कार्यों में ग्रहण लगने वाले होते हैं ग्रहण के प्रभाव से प्राकृतिक प्रकोप भूकंप आदि की स्थितियां बनती हैं। वर्तमान समय पर ग्रह स्थिति भी अनुकूल नहीं है वर्तमान ग्रह स्थिति को देखते हुए एवं एक माह में तीन ग्रहण की स्थिति बनने से विश्व में तनाव संकट का वातावरण रहेगा । त्रि ग्रहण योग ।

पंडित विनोद गौतम के अनुसार यह योग बहुत दुर्लभ योग है जब लगातार तीन ग्रहण पढ़ते हैं तब यह त्रिग्रहण योग बनता है इसके पूर्व 17 फरवरी को ग्रहण पड़ा था, फिर 3 मार्च, और आगामी 19 मार्च को आंशिक सूर्य ग्रहण पड़ेगा ।एक माह में तीन ग्रहण यह खतरे की घंटी है एक माह में तीन ग्रहण पढ़ना, भले ही ग्रहण कहीं भी दृश्य हो परंतु प्राकृतिक वातावरण में हलचल मचाने वाला होता है अत: सावधानी की आवश्यकता है क्योंकि ग्रह भी संकटकाल की ओर लगातार बढ़ रहे हैं आगे स्थिति और भी विकराल हो सकती है जब एक ही राशि मीन में सात ग्रह इकट्ठे होंगे , यह स्थिति 1971 और 62 ईस्वी में बनी थी अत: हम सभी को सावधानी के साथ एक जुड़ता की आवश्यकता है।



हेमन्त गर्ग बड़वानी। मध्य प्रदेश की पहली कृषि कैबिनेट बड़वानी जिले के नागलवाड़ी में होने जा रही है जिसकी तैयारियां लगभग अंतिम चरण में है बड़वानी जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी तथा कलेक्टर जयति सिंह द्वारा आयोजन स्थल पर तैयारी का जायजा लिया मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव समेत प्रदेश के समस्त मंत्री नांगलवाड़ी पहुंचेंगे लगभग 11 :00 बजे सबसे पहले शिखर धाम पर स्थित नांगलवाड़ी भिलट देव के दर्शन किए जाएंगे पश्चात मंत्री परिषद के साथ गार्डन में बनाए जा रहे अस्थाई परिसर में कृषि संबंधी प्रदर्शनी का अवलोकन करेगी मंत्रिमंडल तथा जिले की एक प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है जिसे देखने के बाद, कैबिनेट बैठक का आयोजन किया जाएगा इसके बाद निमाड़ी परंपरा के अनुसार भोजन का इंतजाम किया गया है जहाँ भोजन कर, भगोरिया उत्सव में पहुंचेगी मन्त्रीमंडल जहां आदिवासी समाज के साथ भगोरिया पर्व में शामिल होने के बाद आयोजन का समापन होगा।

### यज्ञ हवन एवं विशाल भंडारे के साथ हुआ भागवत कथा का मंगलमय समापन

## हवन यज्ञ से वातावरण व वायुमण्डल शुद्धि सहित आत्मिक बल मिलता है:सदभव तिवारी

**माखननगर ■ निसं**

ग्राम आमखेड़ी में सालिकराम मीना परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा का समापन हवन ,यज्ञ और भंडारे के साथ किया गया। समापन अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया ।कथा वाचक बालव्यास सदभव तिवारी ने 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। अंतिम दिवस पर उन्होंने श्री कृष्ण एवं सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए कहा कि जीवन में एक मित्र सुदामा जैसा दीन हो और मित्र कृष्ण जैसा दीनानाथ होना चाहिए उन्होंने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल



शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से मानव भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। कथा वाचक सदभव तिवारी ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है।

पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं। हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ ।



## महापर्व 'भगोरिया' के पावन अवसर पर लोकसभा क्षेत्र के बोरगांव में आयोजित

**खंडवा ।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल द्वारा लोक संस्कृति के अद्भुत रंगों, परंपराओं और जनजातीय अस्मिता के महापर्व 'भगोरिया' के पावन अवसर पर लोकसभा क्षेत्र के बोरगांव में आयोजित भव्य भगोरिया उत्सव में सम्मिलित होकर जनजातीय समाज के भाइयों-बहनों के साथ इस सांस्कृतिक उल्लास का साक्षी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध लोक परंपराओं, आपसी प्रेम, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। ढोल-मांदल की थाप, पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य और रंग-गुलाल से सजी यह भूमि हमारे जनजातीय समाज की जीवंत संस्कृति का अनुपम दर्शन कराती है। भगोरिया के इस पावन अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ। हमारी लोकसंस्कृति यूँ ही सदा फले-फूले और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़े रखे, यही मंगलकामना है।

### सर्वाइकल कैंसर के बचाव के लिए एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान प्रारंभ

# 7 टीकाकरण केन्द्रों पर किशोरी बालिकाओं को लगाये गये टीके

**खण्डवा ■ निसं**

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए शनिवार को एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान प्रारंभ हुआ। इस अभियान के शुभारंभ अवसर पर मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय के बी-ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम में किशोरियों को टीके लगाये गए।

कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा ने उपस्थित किशोरियों को बताया कि यह टीका सर्वाइकल कैंसर रोग से उनकी रक्षा करेगा।




उन्होंने सभी किशोरियों से कहा कि वे अपने साथ की अन्य किशोरियों को भी इस टीके को लगवाने के लिए प्रेरित करें। सभी किशोरी बालिकाओं को टीका लगाने के बाद टीकाकरण प्रमाण पत्र भी दिये गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओ.पी.जुगतावत ने बताया कि टीकाकरण के लिए यूविन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन भी पंजीयन किया जा सकता हैं। उन्होंने बताया कि 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी, और 15 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं को एच.पी.वी. सर्वाइकल कैंसर रोग का टीका लगाया जा रहा है।

इस उम्र वर्ग की लगभग 16000 किशोरियों को टीके लगाए जाना है। जिलें में कुल 7 टीकाकरण केन्द्र बनाये गये है जिसमें जिला चिकित्सालय खण्डवा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंधाना, छैगांवमाखन, मूंदी, खालवा, हरसूद एवं किल्लौद में यह टीके प्रतिदिन शासकीय अवकाश को छोड़कर प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक लगाये जायगें। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल, मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ रंजीत बड़ोले, डॉ. सुनील बाजोलिया, डॉ. योगेश शर्मा, डॉ पंकज जैन, डॉ. कृष्णा वास्केल, चिकित्सक सहित, नर्सिंग ऑफिसर व स्वास्थ्य कायकर्ता भी मौजूद थे।

## नर्मदापुरम ने बैतूल को हराकर टी 20 का जीता खिताब



**नर्मदापुरम ■ निसं**

नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट 20-20 ओवर्स सीनियर मेंस टूर्नामेंट में नर्मदापुरम ने खिताब पर कब्जा जमाया है। रविवार को खेले गए धमाकेदार फाइनल मुकाबले में नर्मदापुरम ने बैतूल को 6 विकेट से हराया। नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव प्रदीप तोमर ने बताया कि बैतूल जिले ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आर्यन देशमुख की धमाकेदार नाबाद पारी 66 बॉल पर 163 रन बनाए और मैदान के चारों ओर छक्के और चौके लगाए आर्यन देशमुख ने 16 छक्के और 8 चौके लगाए एवं उनके साथ देते हुए साहिल कवाड़े ने महत्वपूर्ण नाबाद 38 रन जोड़कर टीम का कुल स्कोर 20 ओवर्स में 4 विकेट पर 224 रनो का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया और नर्मदापुरम के सामने 225 रनों का लक्ष्य रखा।

गेंदबाजी में नर्मदापुरम के गेंदबाज कार्तिक राजोरिया ने 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट और हर्षित परसाई ने 4 ओवरो में 27 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। बाकी सभी गेंदबाज आर्यन देशमुख की गेंदबाजी के सामने कमजोर साबित हुए। नर्मदापुरम जिले की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआती खिलाड़ियों के विकेट जल्द ही झटक लिए सिर्फ कप्तान राहुल चंद्रौल 21 बॉल पर 46 रन बनाकर आउट हुए। फिर अथर्व महाजन और अखिल निगोटे यादव की 5 वे विकेट पर शानदार नाबाद पारी खेली और अथर्व महाजन ने क 39 बॉल पर 105 रन 8 छक्के एवं 8 चौके लगाए और अखिल निगोटे यादव ने साथ देते हुए 27 बॉल पर 39 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। अथर्व महाजन की आतिशी शतक के कारण मैच 17वे ओवर में 7 विकेट से जीत लिया। बैतूल के गेंदबाज यशवीर को 2 विकेट और आर्यन देशमुख को 1 विकेट हासिल हुआ। शानदार जीत दिलाने वाली पारी खेलने पर अथर्व महाजन को मेन ऑफ द मैच चुना गया एवं आर्यन देशमुख को शानदार शतक के लिए पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल फौजदार एवं एमपीसीए मैनेजिंग कमेटी मेंबर अनुराग मिश्रा द्वारा प्रदान किया गया एवं विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई।

## आओ जलाये गौकाष्ट कंडो की होली। गौकाष्ट से होगा होलिका दहन, बचेंगे गोवंश पेड और वनः मुख्यमंत्री यादव

**खंडवा, निप्र।** सामाजिक समरसता एवं रंगों के इस भाईचारे की पवित्र त्यौहार होली को हम सभी धर्म और संस्कृति से जुड़े अध्यायों के रूप में उत्साह से मनाए। पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए होली का पर्व मनाए। समाजसेवी और प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि अंधाधुंध वनों की कटाई के कारण प्रकृति का संतुलन कहीं ना कहीं बिगड़ा है, हम सब का दायित्व है कि पर्यावरण प्रगति की सुरक्षा के लिए वृक्षो की रक्षा करे। होली के त्योहार पर बड़ी संख्या में जगह-जगह होली का दहन होता है लेकिन बड़ी तादाद में लकड़ीयों से होली जलने के कारण वनों की कमी होती है। पर्यावरण की रक्षा के लिए हम सब संकल्प लेते हुए गोबर के कंडो की होली जलाएं और लकड़ी को बचाएं। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आव्हान करते हुए कहा कि इस बार होली गौकाष्ट वाली हो, इस होली पर एक पर्यावरण अनुकूल कदम उठाएं, होली दहन पर लकड़ी की जगह गौकाष्ट एवं कंडो का उपयोग करें, लकड़ी जलाने से पेड़ों की कटाई बढ़ती है, जबकि गौ माता के गोबर से बने गौकाष्ट और कंडे प्राकृतिक शुद्ध सुरक्षित और पर्यावरण के लिए बेहतर विकल्प है, हम सब मिलकर हरियाली बचाए और स्वच्छ जिम्मेदारी वाली होली मनाए। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि सरकार द्वारा इस वर्ष हर जिले में पर्यावरण अनुकूल गौकाष्ट से होलिका दहन करने वाली समितियां को विशेष पर्यावरणीय होलिका दहन पुरस्कार से शासन प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। होली पर्व की शुभकामना देते हुए सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा की पर्यावरण संरक्षण और गोरक्षण के लिए गौकाष्ठ, कंडों का उपयोग जरूरी है।

होली पर हजारों क्विंटल लकड़ी का उपयोग होता है इसके लिए पेड़ों को बड़ी संख्या में काटा जाता है, लकड़ी की जगह हमें वैदिक रूप से गोबर के कंडों का उपयोग करना शुरू करें तो पर्यावरण भी संरक्षित होगा गोबर के कंडो के दहन से पर्यावरण भी शुद्ध होगा। लोगों ने दाह संस्कार में भी कंडो का उपयोग करना चाहिए हमे पेड़ो को अनावश्यक नही काटना चाहिए। होलीका दहन में सुखी और पेड़ो से गिरी हुई लकडियों को ही जलाना चाहिए।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित हुई 'युवा प्रमुखजन गोष्ठी'

## स्वयं से 'हम' की ओर बढ़ना ही संघ का मूल मंत्रः क्षेत्र प्रचारक स्वप्निल कुलकर्णी

**खण्डवा ■ निसं**

इस गोष्ठी में युवाओं को संबोधित करते हुए मध्य क्षेत्र के प्रचारक स्वप्निल जी कुलकर्णी ने संघ शताब्दी एवं नए क्षितिज विषय पर सारगर्भित विचार रखे। बैठक में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रभावशाली युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। स्वप्निल ने अपने उद्बोधन में संघ के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक जन्मजात देशभक्त थे, जिन्होंने अनेक समाज सुधार आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने कहा: 'डॉक्टर जी का स्वप्न एक ऐसे संगठन का निर्माण करना था, जो पूर्णतः भारत के लिए जीने वाले लोगों का हो।



उन्होंने वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारत की विशिष्टता को रेखांकित करते हुए विभिन्न देशों के जीवन मूल्यों की तुलना की उन्होंने कहा कि अमेरिका का जीवन मूल्य मुख्य रूप से 'भोग' पर आधारित है। चीन का उद्देश्य केवल 'विस्तार' करना है।जबकि पाकिस्तान का आधार 'आतंकवाद' बन चुका है।सम्पूर्ण विश्व में केवल भारत ही ऐसा देश है जिसका मूल मंत्र 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' है। अर्थात, सभी सुखी रहें, यही हमारी संस्कृति और जीवन का आधार है।

धर्मांतरण रोकने का उपायः संवाद और संस्कृतिः मतांतरण (धर्मांतरण) की गंभीर चुनौती पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि जनजाति समाज के लोग केवल लालच में आकर धर्म बदलते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि धर्मांतरण जैसी गतिविधियों को रोकने का सबसे प्रभावी तरीका 'संवाद' है। हमें समाज के हर वर्ग के साथ अपने संपर्क और संवाद को बढ़ाना होगा। भारत की संस्कृति ही इस देश की आत्मा है और इसे बचाना हम सभी का कर्तव्य है।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि संघ का कार्य मुख्य रूप से शाखाओं के माध्यम से संचालित होता है। जो विचार भारत का है, वही हिंदू का है और वही संघ का भी है। उन्होंने अंत में कहा कि संघ को केवल बाहर से देखकर नहीं समझा जा सकता, इसे समझने के लिए संघ के भीतर आकर ही समझा जा सकता हैं। कार्यक्रम का संचालन सीए सुमित जैन ने किया और आभार राम जी पटेल ने दिया।

### मुख्यमंत्री सहित पूरा मंत्री-मंडल होगा शामिल

## प्रदेश शासन की पहली कृषि कैबिनेट मालवा-निमाड़ के लोकदेवता के आंगन में

**बड़वानी, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में मनाए जा रहे किसान कल्याण वर्ष में किसानों के हित में लगातार कार्य किया जा रहा है। हमारा यह संकल्प है कि प्रदेश के अन्नदाताओं को आत्म-निर्भर बनाते हुए उनकी आय को दोगुना किया जाये। इसी क्रम में सोमवार 2 मार्च को जनजातीय बहुल जिले बड़वानी के नागलवाड़ी में किसान कल्याण वर्ष की पहली कृषि कैबिनेट होने जा रही है। इस दिन नागलवाड़ी से ही सरकार किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेगी। राज्य सरकार का मंत्री-मंडल पूरा दिन नागलवाड़ी में रहेगा, जहाँ कृषि कैबिनेट सहित प्रबुद्धजन एवं किसानों के साथ संवाद होगा और कृषि एवं जनजातीय कल्याण पर केन्द्रित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में पहली बार कृषि कैबिनेट का आगाज़ मालवा-निमाड़ के लोकदेवता भीलटदेव के आंगन से हो रही है। पहली बार आयोजित हो रही कैबिनेट की तैयारियां भी निमाड़ी ठाठ में नजर आ रहीं है। यहां निमाड़ के लोकरंग के रूप में कैबिनेट स्थल को तैयार किया जा रहा है। नागलवाड़ी मंदिर शिखर के नीचे पार्क में डोम को निमाड़ में घरों की शैली के अनुरूप संजाया गया है। निमाड़ के घरों की शैली में डोम की मुंडेर नजर आ रही है। साथ ही निमाड़ की खेती किसानी के तौर तरीक़े के अनुरूप प्रदर्शनी बनाई गई है। साथ ही निमाड़ के वाद्य यंत्र ढोल मांदल व लोकजीवन के रंगों में बनाया जा रहा है। लगभग ढाई हजार की जनसंख्या वाला ग्राम नागलवाड़ी जनजातीय बहुल ग्राम है। यहाँ मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में होने वाली कृषि कैबिनेट न केवल बड़वानी जिले अपितु पूरे निमाड़ क्षेत्र के विकास के लिए निर्णायक साबित होगी।

### उच्च न्यायालय झारखंड के जस्टिस रोहतांग मुखोपाध्याय परिवार सहित दादाजी एवं किशोर दा की नगरी खंडवा पहुंचे

# दादाजी धाम दर्शन करने के साथ ही उन्होंने किशोर समाधि एवं स्मारक एवं मकान का किया अवलोकन

**खण्डवा ■ निसं**

किशोर दा की दीवानगी किशोर प्रेमियों को किशोर दा की जन्मस्थली खंडवा खींच लाती है। देश के महान गायक हरफनमौला कलाकार का जन्म खंडवा में हुआ और उन्होंने गायकी के क्षेत्र में अपने कदम बढ़ाते हुए खंडवा का नाम देश विदेश में रोशन किया। समाजसेवी और किशोर प्रेरणा मंच के प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि शनिवार को उच्च न्यायालय झारखंड के जस्टिस रोटांग मुखोपाध्याय पूरे परिवार सहित खंडवा पधारे। जिला प्रशासन द्वारा



राजकीय अतिथि के तहत उनकी अगवानी की गई। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि झारखंड के जस्टिस श्री मुखोपाध्याय अपनी धर्मपत्नी पुत्र एवं पुत्रवधू के साथ गायक किशोर दा के मकान पहुंचे जर्जर मकान को देखा और मकान के चौकीदार सीताराम से भी चर्चा की। इसके पश्चात लाला जलेबी की दुकान पर भी पहुंचे और बन रही जलेबी को देखा, बादल शर्मा द्वारा उनका स्वागत करते हुए जलेबी की प्रसादी ग्रहण करवाई गई। वही खंडवा के मिनी किशोर राजा शर्मा की दुकान पर पहुंचे और परिवार सहित उन्होंने राजा शर्मा का मैं हूं झूम झूम झुमरू गीत को सुना। श्री मुखोपाध्याय की इसके पश्चात परिवार सहित किशोर कुमार की समाधि स्थल पर पहुंचे और दूध जलेबी का भोग लगाकर पुष्पांजलि अर्पित की, किशोर कुमार स्मारक को भी बारीकी से देखा। यहां से पूरा परिवार दादा दरबार पहुंचे और दादाजी के चरणों में नमन कर धुनीमाई में आहुति पेश की। दादाजी एवं किशोर दा की नगरी खंडवा आगमन पर जस्टिस श्री मुखोपाध्याय का स्वागत अभिनंदन किशोर सांस्कृतीक प्रेरणा मंच के अध्यक्ष रणवीर सिंह चावला, सुनील जैन, अनिल बाहेती, अतुल अत्रिवाल द्वारा किया गया।

## डीआईजी निमाड़ रेंज व प्रभारी एसपी ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का व्यापक निरीक्षण कर ली बैठक

**बड़वानी, निप्र।** डॉ मोहन यादव, माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के प्रस्तावित नागलवाड़ी आगमन के अवसर पर आयोजित कृषि कैबिनेट बैठक एवं जुलवानिया भगोरिया उत्सव कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए आज दिनांक 01.03.2026 को सुरक्षा एवं प्रशासनिक तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान सिद्धार्थ बहुगुणा, डीआईजी निमाड़ रेंज खरगोन एवं धीरज बब्बर, प्रभारी पुलिस अधीक्षक बड़वानी ने ड्यूटी में तैनात पुलिस बल के साथ कार्यक्रम स्थल, सेफ हाउस, हेलीपैड, आगमन एवं गमन मार्ग, पार्किंग स्थल, यातायात नियंत्रण व्यवस्था, सुरक्षा घेरा, वीआईपी मूवमेंट प्लान तथा विश्राम स्थलों का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण उपरांत आयोजित बैठक में डीआईजी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा आमजन की सुविधा, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण एवं विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

उन्होंने समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय से पूर्व ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहकर पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने, संचार व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा सभी बिंदुओं पर निरंतर निगरानी बनाए रखने के निर्देश प्रदान किए।

किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु कंटिजेंसी प्लान तैयार रखने, कार्यक्रम पूर्व मॉक ड्रिल आयोजित करने, रूट लाइन एवं वैकल्पिक मार्गों का परीक्षण करने तथा सभी व्यवस्थाओं का पूर्व परीक्षण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सफल आयोजन हेतु समुचित, सुदृढ़ एवं व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

## अनमोल वचन

चाहे यह आपके लिए सबसे अच्छा समय हो अथवा सबसे खराब समय हो, केवल और केवल समय ही हमारे पास होता है
**आर्ट बचवाल्ड**

अगर आप सफल होना चाहते है, तो आपको सफलता के घिसे-पिटे रास्तों पर चलने की बजाएं नए रास्ते बनाने चाहिए
**जॉन डी. राकेफेलर**

## सम्पादकीय

# एसआईआर संवैधानिक या असंवैधानिक?

*पश्चिम बंगाल के इलेक्शन कमीशन द्वारा 28 फरवरी को जारी की गई फाइनल वोटर लिस्ट ने राज्य की सियासत में हलचल मचा दी है। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के बाद प्रकाशित इस सूची में कई जिलों से लाखों नाम हटा दिए गए हैं। मतदाता सूची से नाम कटने के बाद राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और आम मतदाताओं के बीच भारी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। बड़े पैमाने पर पश्चिम बंगाल में विरोध शुरू हो गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पश्चिम बंगाल के 7 करोड़ से अधिक मतदाताओं का सत्यापन चुनाव आयोग द्वारा कराया गया है। बांकुरा जिले में पहले लगभग 30.33 लाख मतदाता दर्ज थे। ड्राफ्ट रोल के बाद मतदाताओं की संख्या घटकर करीब 29 लाख रह गई। अंतिम सूची में लगभग सवा लाख नाम और कम हो गए हैं। वहीं सीमावर्ती नाडिया जिले में भी लाखों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से अलग कर दिए गए हैं। यह मतदाता पिछले कई चुनाव से मतदान करते आ रहे थे। पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में करोड़ों नाम हटाए जा रहे हैं। मतदाता सूची के इन आंकड़ों ने सवाल खड़ा कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा समय पर जो निर्देश चुनाव आयोग को दिए गए थे, उनका पालन चुनाव आयोग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा क्यों नहीं किया गया? जिन दस्तावेजों को स्वीकार किया जाना था, वह स्वीकार नहीं किए गए। सॉफ्टवेयर की सहायता और माइक्रो ऑब्जाबर की रिपोर्ट पर मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। एक विशेष वर्ग के मतदाताओं के नाम सबसे ज्यादा हटाए गए हैं। इस तरह के भी आरोप लगाए जा रहे हैं। केंद्रीय चुनाव आयोग के सेंट्रल सिस्टम के सॉफ्टवेयर से नाम हटाए जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर फिर से एक नया विवाद शुरू हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर न्यायिक अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं, लेकिन जिस तरह से मतदाता सूची को लेकर विवाद बना हुआ है, इसी बीच चुनाव आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल के चुनाव की तैयारी शुरू कर दी गई है। चुनाव आयोग की इस कार्यवाही से पश्चिम बंगाल में राजनीतिक दलों और मतदाताओं में तीव्र उग्र प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले से एसआईआर का यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। अभी तक इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में अंतिम फैसला नहीं हो पाया है। चुनाव आयोग को एसएसआई करने का या नागरिकता तय करने का संवैधानिक अधिकार है,या नहीं। इस बात का आज तक फैसला नहीं हुआ। इसके बाद भी बिहार में विधानसभा के चुनाव हो गए। केंद्रीय चुनाव आयोग जिस तरह से चुनाव कराना चाहता था, उस तरह से वह चुनाव कराने में सफल रहा। चुनाव के दौरान कोई भी निष्पक्षता और पारदर्शिता का पालन चुनाव आयोग द्वारा नहीं किया गया। यह भी कई सुनवाई में साबित हो गया है। अब बिहार के तरह की स्थिति पश्चिम बंगाल में देखने को मिल रही है। जो मतदाता सूची प्रकाशित हुई है। इसके राजनीतिक प्रभाव भी दूरगामी होंगे। विपक्षी दलों का आरोप है, बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने से नागरिकों के मत का संवैधानिक अधिकार खत्म हो रहा है। चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता की कमी है। सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई कुछ याचिकाओं में स्पष्ट रूप से सबूत के साथ गड़बड़ियों का उल्लेख भी किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और निर्देशों का पालन चुनाव आयोग द्वारा नहीं किया गया है। चुनाव आयोग का कहना है, एसआईआर का उद्देश्य फर्जी, दोहरे या अपात्र मतदाताओं के नामों को हटाकर मतदाता सूची को शुद्ध और विश्वसनीय बनाना है। पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन और राजनीतिक बयानबाज़ी शुरू हो गई है। जो इस बात का संकेत है, मामला केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि जनभावना और नागरिकता के मौलिक अधिकार से जुड़ा हुआ है। चुनाव आयोग द्वारा जल्द विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी करने की चर्चा तेज है। चुनाव आयोग ने जिस तरह से बिहार में एसआईआर प्रक्रिया के बीच चुनाव अधिसूचना जारी कर चुनाव करा दिए, यदि यही प्रक्रिया चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में अपनाएगा, तो इसके भीषण परिणाम भी देखने को मिले सकते हैं। तब से अब तक काफी पानी बह गया है। लोकतंत्र की बुनियाद मतदाता सूची की शुद्धता पर टिकी होती है। यदि सूची में त्रुटि है, जिन नागरिकों के नाम मतदाता सूची में थे, उनके नाम जबरिया हटा दिए जाते हैं तो इससे चुनाव की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। मतदाता सूची में सुधार की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं होगी, तो मतदाताओं और राजनीतिक दलों का विश्वास डगमगाता है। आवश्यक है, जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उन्हें दावा-आपत्ति की स्पष्ट और सुलभ प्रक्रिया उपलब्ध कराई जाए। अधिकांश मतदाता रोज कमाने और खाने वाले होते हैं। वे पढ़े-लिखे भी नहीं होते हैं। ऐसी स्थिति में छोटी मोटी स्पेलिंग की त्रुटि या निवास स्थान में परिवर्तन इत्यादि को लेकर यदि नाम काटे जाते हैं, तो संविधान ने आम आदमी को बिना भेदभाव के मतदान का जो अधिकार दिया है, वह संवैधानिक अधिकार खत्म होता है। होना तो यह चाहिए था, चुनाव आयोग को एसआईआर कराने का अधिकार है, या नहीं। सुप्रीम कोर्ट को सबसे पहले इसका फैसला करना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट ने अभी तक इस पर कोई फैसला नहीं दिया है। पश्चिम बंगाल के आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग को गंभीरता के साथ विचार करना होगा। लोकतंत्र केवल मतदान का दिन नहीं, मतदाता को अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार भी है। इस अधिकार को खत्म नहीं किया जा सकता है। यही लोकतंत्र का मूल आधार है। अब देखना यह है, संशोधित मतदाता सूची राज्य की राजनीति में कितना और किस तरह का प्रभाव डालती है। क्या इससे चुनावी समीकरणों में कोई बड़ा बदलाव लाने की तैयारी की जा रही है।*

## चिंतन-मनन

### भगवान का सबसे प्रिय आहार अहंकार

अहंकार शब्द बना है अहं से, जिसका अर्थ है मैं। जब व्यक्ति में यह भावना आ जाती है कि जो हूं सो मैं, मुझसे बड़ा कोई दूसरा नहीं है तभी व्यक्ति का पतन शुरू हो जाता है। द्वापर युग में सहस्त्रबाहु नाम का राजा हुआ। इसे बल का इतना अभिमान हो गया कि शिव से ही युद्ध करने पहुंच गया। भगवान शिव ने सहस्त्रबाहु से कह दिया कि तुम्हारा पतन नजदीक आ गया है। परिणाम यह हुआ कि भगवान श्री कृष्ण से एक युद्ध में सहस्त्रबाहु को पराजित होना पड़ा। रावण विद्वान होने के साथ ही महापराप्रमी था। उसे अपने बल और मायावी विद्या का अहंकार हो गया और उसने सीता का हरण कर लिया। इसका फल रावण को यह मिला कि रावण का वंश सहित सर्वनाश हो गया। अंत काल में उसका सिर भगवान राम के चरणों में पड़ा था। भगवान कहते हैं मेरा सबसे प्रिय आहार अहंकार है अर्थात अहंकारियों का सिर नीचा करना भगवान को सबसे अधिक पसंद है। अहंकारी का सिर किस प्रकार भगवान नीच करते हैं इस संदर्भ में एक कथा है कि, नदी किनारे एक सुन्दर सा फूल खिला। इसने नदी के एक पत्थर को देखकर उसकी हंसी उड़ायी कि, तुम किस प्रकार से नदी में पड़े रहते हो। नदी की धारा तुम्हें दिन रात ठोकर मारती रहती है। मुझे देखो मैं कितना सुन्दर हूं। हवाओं में झूमता रहता हूं। पत्थर फूल की बात को चुपचाप सुनता रहा। पानी में घिसकर पत्थर ने शालिग्राम का रूप ले लिया था। किसी व्यक्ति ने उसे उठाकर अपने पूजा घर में स्थापित किया और उसकी पूजा की। पूजा के समय उस व्यक्ति ने फूल को शालिग्राम के चरणों में रख दिया। फूल ने जब खुद को पत्थर के चरणों में पाया तो उसे एहसास हो गया कि उसे अपने अहंकार की सजा मिली है। पत्थर ने अब भी कुछ नहीं कहा वह फूल की मनस्थिति को देखकर मुस्कुराता रहा।

# मध्य प्रदेश में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना: पशुपालकों के लिए बनी वरदान

**नीलिमा तिवारी, गजानंद फीचर सर्विस**

मध्य प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि है, और कृषि की आत्मा है पशुपालन। प्रदेश के लाखों छोटे और सीमांत किसान अपनी आजीविका के लिए दूध, दुग्ध उत्पाद और पशुधन पर निर्भर हैं। ऐसे में जब राज्य सरकार ने पशुपालकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के उद्देश्य से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की शुरुआत की, तो यह पहल सचमुच ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। यह योजना न केवल पशुपालकों की आय बढ़ाने का माध्यम बनी है, बल्कि सामाजिक न्याय और आर्थिक सशक्तिकरण की भावना को भी साकार कर रही है।

योजना की पृष्ठभूमि और उद्देश्य: भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक और आर्थिक समानता का जो सपना देखा था, उसी दृष्टि को आगे बढ़ाते हुए इस योजना का नाम उनके नाम पर रखा गया। योजना का मुख्य उद्देश्य है प्रदेश के अनुसूचित जाति वर्ग सहित आर्थिक रूप से कमजोर पशुपालकों को संगठित डेयरी व्यवसाय से जोड़ना, उन्हें आधुनिक डेयरी इकाइयाँ स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन की अपार संभावनाएँ हैं, लेकिन पूंजी की कमी, तकनीकी जानकारी का अभाव और बाजार तक सीमित पहुंच जैसी समस्याएँ पशुपालकों के सामने चुनौती बनकर खड़ी रहती थीं। कामधेनु योजना इन चुनौतियों को दूर करने का सशक्त माध्यम बनकर उभरी है।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को डेयरी इकाई स्थापित करने के लिए अनुदान और बैंक ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। योजना के अंतर्गत 5, 10 या उससे अधिक दुधारू पशुओं की इकाई स्थापित करने का प्रावधान है। इसमें पशुओं की खरीद, शेड निर्माण, चारा प्रबंधन और अन्य आवश्यक संसाधनों के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। चयनित हितग्राहियों को अनुदान (सब्सिडी) की सुविधा बैंक ऋण पर आसान किश्तों में भुगतान पशुपालन विभाग द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन टीकाकरण, बीमा और स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था दुग्ध संघों से जोड़कर विपणन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इस प्रकार यह योजना केवल वित्तीय सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण डेयरी प्रबंधन की एक समग्र व्यवस्था प्रदान करती है।




मध्य प्रदेश के कई जिलों-सीहोर, रायसेन, विदिशा, सागर, छतरपुर, रीवा, धार और मंदसौर में इस योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। जिन परिवारों की मासिक आय सीमित थी, वे अब नियमित दुग्ध उत्पादन से स्थायी आय अर्जित कर रहे हैं। प्रतिदिन दूध विक्रय से होने वाली आय ने ग्रामीण परिवारों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार किया है। विशेष रूप से महिला स्व-सहायता समूहों ने इस योजना का लाभ उठाकर डेयरी व्यवसाय में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। ग्रामीण महिलाओं ने न केवल पशुपालन को व्यवसाय के रूप में अपनाया है, बल्कि परिवार की आर्थिक धुरी भी बनी हैं। इससे महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है।

तकनीकी उन्नयन और आधुनिक डेयरी: योजना के माध्यम से आधुनिक डेयरी पद्धतियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। पशुपालकों को संतुलित आहार, वैज्ञानिक दुग्ध उत्पादन, स्वच्छ दुग्ध दुहन तकनीक और पशु स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षण दिया जाता है। इससे दूध की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में वृद्धि हुई है।

आज कई गांवों में पक्के शेड, स्वचालित पानी की व्यवस्था, चारा कटाई मशीन और शीत श्रृंखला (कोल्ड चेन) जैसी सुविधाएँ देखने को मिल रही हैं। इससे दूध की बर्बादी कम हुई है और उत्पादकता में सुधार आया है।

इस योजना की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यह समाज के उन वर्गों को आर्थिक मुख्यधारा में लाने का प्रयास करती है, जो लंबे समय से संसाधनों के अभाव में पीछे रह गए थे। अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को प्राथमिकता देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह योजना प्रभावी साबित हुई है।

डॉ. अंबेडकर के विचारों के अनुरूप, यह योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करती है। पशुपालन के माध्यम से रोजगार सृजन और आय वृद्धि ने ग्रामीण समाज में आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है।

मध्य प्रदेश पहले से ही देश के प्रमुख दुग्ध उत्पादक राज्यों में अपनी पहचान बना चुका है। कामधेनु योजना ने इस दिशा में और गति प्रदान की है। छोटे स्तर की डेयरी इकाइयों के विस्तार से दुग्ध उत्पादन में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है। दुग्ध संघों के माध्यम से संगठित विपणन ने किसानों को उचित मूल्य दिलाने में मदद की है।

दूध, घी, पनीर, दही और अन्य दुग्ध उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित छोटी डेयरी इकाइयाँ अब स्थानीय बाजारों के साथ-साथ शहरी बाजारों की भी जरूरतें पूरी कर रही हैं।

ग्रामीण युवाओं के लिए यह योजना रोजगार का नया माध्यम बनकर सामने आई है। जहां पहले रोजगार के अभाव में युवा शहरों की ओर पलायन करते थे, वहीं अब वे अपने गांव में ही डेयरी व्यवसाय शुरू कर रहे हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और सामाजिक संरचना भी सुदृढ़ बनी है।

एक डेयरी इकाई से केवल पशुपालक ही नहीं, बल्कि चारा आपूर्तिकर्ता, दूध संग्रहण केंद्र, परिवहन और विपणन से जुड़े लोग भी लाभान्वित होते हैं। इस प्रकार यह योजना प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार के रोजगार उत्पन्न कर रही है।

पर्यावरणीय संतुलन और जैविक खेती: पशुपालन से प्राप्त गोबर और गोमूत्र का उपयोग जैविक खाद के रूप में किया जा रहा है। इससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हुई है और मिट्टी की उर्वरता में सुधार हुआ है। कई स्थानों पर बायोगैस संयंत्र भी स्थापित किए गए हैं, जिससे ऊर्जा की आवश्यकता पूरी हो रही है और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है।

हालांकि योजना के परिणाम उत्साहवर्धक हैं, फिर भी कुछ चुनौतियाँ सामने आती हैं जैसे पशुओं की गुणवत्ता, चारे की उपलब्धता, समय पर ऋण स्वीकृति और बाजार मूल्य में उतार-चढ़ाव। इन चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक है उन्नत नस्ल के पशुओं की उपलब्धता, चारा विकास कार्यक्रमों का विस्तार, बैंकिंग प्रक्रियाओं का सरलीकरण, डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से विपणन सुविधा, यदि इन पहलुओं पर सतत कार्य किया जाए, तो योजना और अधिक प्रभावी बन सकती है।

प्रदेश में डेयरी सेक्टर को उद्योग के रूप में विकसित करने की अपार संभावनाएँ हैं। यदि कामधेनु योजना को दुग्ध प्रसंस्करण इकाइयों, ब्रांडिंग और निर्यात से जोड़ा जाए, तो यह ग्रामीण समृद्धि का बड़ा आधार बन सकती है। साथ ही, पशुपालकों को प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता का निरंतर विस्तार इस योजना की सफलता को स्थायी बनाए रखेगा।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना मध्य प्रदेश के पशुपालकों के लिए सचमुच एक वरदान सिद्ध हो रही है। यह योजना आर्थिक सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और ग्रामीण विकास के त्रिवेणी संगम का उदाहरण है। छोटे और सीमांत पशुपालकों को संगठित डेयरी व्यवसाय से जोड़कर यह पहल उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है।

जब गांव सशक्त होंगे, तभी प्रदेश सशक्त होगा। और जब पशुपालक आत्मनिर्भर होंगे, तभी ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। डॉक्टर अंबेडकर के सपनों का भारत तभी साकार होगा, जब समाज का अंतिम व्यक्ति भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके। कामधेनु योजना इसी दिशा में बढ़ता हुआ एक सशक्त कदम है-जो पशुपालकों के जीवन में समृद्धि, सम्मान और आत्मविश्वास का नया अध्याय लिख रहा है।

# पर्यावरण और परंपरा का संगम, प्रभास पाटण में श्री सोमनाथ ट्रस्ट का वैदिक होलिका दहन



**कांतिलाल मांडोत**

*इसी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपरा को पर्यावरणीय चेतना के साथ जोड़ते हुए गुजरात के प्रभास पाटण स्थित श्री सोमनाथ ट्रस्ट द्वारा 2 मार्च को वैदिक पद्धति से होलिका दहन का अनूठा आयोजन किया जा रहा है। देश के प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर के सानिध्य में आयोजित यह आयोजन परंपरा और प्रकृति के संरक्षण का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करेगा। जब देशभर में होलिका दहन के लिए बड़ी मात्रा में लकड़ियों का उपयोग किया जाता है, तब प्रभास पाटण के चौपाटी मैदान में होने वाला यह वैदिक होलिका दहन पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देगा।*

फाल्गुन मास की पूर्णिमा का पावन पर्व होली भारतीय संस्कृति में उल्लास, आस्था और नवजीवन का प्रतीक माना जाता है। रंगों और उमंगों से भरा यह त्योहार केवल सामाजिक उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति, कृषि और आध्यात्मिक चेतना से गहराई से जुड़ा हुआ है। इसी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपरा को पर्यावरणीय चेतना के साथ जोड़ते हुए गुजरात के प्रभास पाटण स्थित श्री सोमनाथ ट्रस्ट द्वारा 2 मार्च को वैदिक पद्धति से होलिका दहन का अनूठा आयोजन किया जा रहा है। देश के प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर के सानिध्य में आयोजित यह आयोजन परंपरा और प्रकृति के संरक्षण का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करेगा। जब देशभर में होलिका दहन के लिए बड़ी मात्रा में लकड़ियों का उपयोग किया जाता है, तब प्रभास पाटण के चौपाटी मैदान में होने वाला यह वैदिक होलिका दहन पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देगा। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न होने वाले इस अनुष्ठान में केवल पारंपरिक और वैदिक सामग्री का उपयोग किया जाएगा। ट्रस्ट के अनुसार इसमें गौशाला की गौमाता के सूखे गोबर से बने उपले, गिर नस्ल की गाय का घी, समिधा काष्ठ, सात प्रकार के अनाज, कपूर तथा विभिन्न औषधीय द्रव्यों को आहुति के रूप में अर्पित किया जाएगा। इस प्रकार यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र होगा, बल्कि आयुर्वेदिक और वैज्ञानिक दृष्टि से भी लाभकारी सिद्ध होगा। यह पहल देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिपादित पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली के विचार से प्रेरित है। प्रकृति के संरक्षण और संतुलन को जीवन का आधार मानते हुए ट्रस्ट निरंतर ऐसे उपक्रम चला रहा है, जिनसे समाज में जागरूकता बढ़े। होली जैसे लोकपर्व को भी पर्यावरण के अनुकूल बनाना उसी दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। रासायनिक रंगों और अंधाधुंध लकड़ी के उपयोग से होने वाली हानि को देखते हुए वैदिक पद्धति का यह आयोजन समाज को नई दिशा देने का प्रयास है।

वैदिक होली को नवसस्येष्टि पर्व भी कहा जाता है। इसका अर्थ है नई फसल को अग्नि में अर्पित कर ईश्वर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना। भारतीय कृषक परंपरा में यह पर्व विशेष महत्व रखता है। खेतों में लहलहाती जौ और गेहूं की बालियां जब पककर तैयार होती हैं, तब किसान उन्हें होलिका की अग्नि में समर्पित कर समृद्धि और उर्वरता की कामना करते हैं। यह केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि प्रकृति और मानव के बीच सामंजस्य का प्रतीक है। पलाश के फूलों से बने प्राकृतिक रंग, हल्दी और अन्य जड़ी-बूटियों का प्रयोग शरीर और पर्यावरण दोनों के लिए हितकारी माना गया है। होलिका दहन का पौराणिक आधार भी अत्यंत प्रेरक है। असुर राजा हिरण्यकश्यप के अत्याचार और उसके पुत्र प्रह्लाद की अटूट भक्ति की कथा भारतीय जनमानस में गहराई से रची-बसी है। जब अहंकार से अंधे हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र को दंडित करने के लिए बहन होलिका की सहायता ली, तब ईश्वर की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित बच गए और होलिका दहन हो गई। यह प्रसंग बुराई पर अच्छाई, अहंकार पर श्रद्धा और अन्याय पर सत्य की विजय का प्रतीक बन गया। इसी कारण होलिका दहन को केवल अग्नि प्रज्वलन नहीं, बल्कि अपने भीतर के अहंकार, ईर्ष्या और नकारात्मक प्रवृत्तियों को जलाने का प्रतीकात्मक अवसर माना जाता है।

वेदों में अग्नि को पवित्रता और ऊर्जा का स्रोत माना गया है। अग्नि देवता को यज्ञ का वाहक और देवताओं तक आहुति पहुंचाने वाला कहा गया है। ऋतु परिवर्तन के समय जब वातावरण में अनेक प्रकार के जीवाणु और विषाणु सक्रिय होते हैं, तब यज्ञीय अग्नि और उसमें डाली जाने वाली औषधीय सामग्री से उत्पन्न धुआं वातावरण को शुद्ध करने में सहायक माना गया है। अरण्ड जैसे औषधीय गुणों वाले वृक्ष की लकड़ी तथा गाय के गोबर से बने उपलों के धुएं को भी कीटाणुनाशक बताया गया है। इस प्रकार होली का पर्व केवल धार्मिक भावना तक सीमित नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और पर्यावरण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

हिन्दू पंचांग के अनुसार फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा के प्रदोष काल में होलिका दहन किया जाता है। बसंत पंचमी से इसकी तैयारी प्रारंभ होती है। गांवों और नगरों में खुले स्थान पर अरण्ड का वृक्ष स्थापित कर उसके चारों ओर लकड़ियां एकत्र की जाती हैं। बच्चे और युवा मिलकर इस प्रक्रिया में भाग लेते हैं, जिससे सामूहिकता और सहयोग की भावना विकसित होती है। दूसरे दिन रंगों के साथ होली खेली जाती है, जो जीवन में रंग, ऊर्जा और आनंद के महत्व को रेखांकित करती है।

प्रभास पाटण में आयोजित होने वाला यह वैदिक होलिका दहन भक्तों को घर बैठे आहुति अर्पित करने की सुविधा भी प्रदान करेगा। श्रद्धालु न्यूनतम अर्पण राशि के माध्यम से अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकेंगे और अनुष्ठान के दर्शन भी कर पाएंगे। इससे देश-विदेश में बसे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक रूप से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

आज जब पर्यावरण संकट और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियां विश्व के सामने खड़ी हैं, तब पारंपरिक पर्वों को प्रकृति के अनुकूल स्वरूप में मनाने की आवश्यकता और भी बढ़ जाती है। श्री सोमनाथ ट्रस्ट का यह प्रयास समाज को यह संदेश देता है कि आस्था और पर्यावरण संरक्षण परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि त्योहारों को विवेकपूर्ण ढंग से मनाया जाए तो वे सामाजिक समरसता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संतुलन के संवाहक बन सकते हैं। होलिका दहन का यह वैदिक आयोजन न केवल प्रभास पाटण की धार्मिक गरिमा को और ऊंचा करेगा, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

# दूध में मिलावट: आर्थिक अपराध नहीं नैतिक पतन की पराकाष्ठा

**डॉ नीलम महेंद्र**

भारत आज गर्व से दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश होने का दावा करता है। वैश्विक दूध उत्पादन में हमारी हिस्सेदारी लगभग 25% है। आंकड़ों की बाजीगरी में हम नंबर वन हैं, लेकिन क्या कभी हमने उस दूध के गिलास की गहराई में झांक कर देखा है जिसे हम अमृत समझकर अपने बच्चों को पिलाते हैं? हालिया रिपोर्ट्स और समाचार पत्रों के दावे चौंकाने वाले ही नहीं, रूह कंपा देने वाले हैं। क्योंकि दुर्भाग्य से आज देश भर में जांचे गए दूध के हर तीन में से एक नमूना जांच में फेल हो रहा है। यह महज एक सांख्यिकीय डेटा नहीं है, बल्कि हमारे सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र की विफलता का अलार्म है। एफएसएसएआई की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015 से 2018 के बीच दूध में मिलावट का ग्राफ 16.64% था, जो 2022 तक बढ़कर 38% तक पहुंच गया। यानी लगभग हर तीसरा गिलास मिलावटी है। उत्तर भारतीय राज्यों में यह समस्या अधिक विकराल है। दूध के नमूनों में नॉन-कन्फर्मिंग (अमानक) होने की दर उत्तर भारत में करीब 47% तक पाई गई है। लेकिन समस्या इतनी भर नहीं है कि दूध में मिलावट के आंकड़े खतरनाक स्तर पर पहुंच गए हैं, चुनौती यह है कि देश की सेहत से जुड़े इस गंभीर मामले को लेकर हमारा तंत्र कितना लापरवाह है। मध्यप्रदेश के ग्वालियर की एक रिपोर्ट बताती है कि पिछले 5 सालों में डेयरी उत्पादों में मिलावट के 490 केस दर्ज हुए, 3.66 करोड़ का जुर्माना लगाया गया, लेकिन वसूली शून्य के बराबर रही। जब कानून का क्रियान्वन ही नहीं हो पाता, तो मिलावटखोरों के हौसले बुलंद होना लाजिमी है। क्या हमने कभी सोचा है कि उस एक गिलास मिलावट वाले दूध में वास्तव में क्या है?

हम अक्सर सोचते हैं कि मिलावट का मतलब सिर्फ दूध में पानी मिलाना है। काश ऐसा ही होता! पानी से केवल पोषण कम होता है, लेकिन आज जो मिलाया जा रहा है वह सीधे मौत का सामान है!

मुनाफाखोरों के लालच की इंतहा यह है कि दूध में झाग बनाने और फैट दिखाने के लिए वाशिंग पाउडर और यूरिया का इस्तेमाल किया जाता है। यह एक सर्वविदित तथ्य है कि यूरिया हमारे गुर्दों (किडनी) पर सीधा प्रहार करता है।

इसके अलावा दूध को सफेद और गाढ़ा दिखाने के लिए घटिया दर्जे का तेल और कास्टिक सोडा मिलाया जाता है, जो पाचन तंत्र को पूरी तरह ध्वस्त कर सकता है। दूध को लंबे समय तक फटने से बचाने के लिए हानिकारक रसायनों का प्रयोग होता है, जो भविष्य में कैंसर जैसी घातक बीमारियों का कारण बन सकते हैं। लेकिन लाभ की अंधी दौड़ मासूमों के स्वास्थ्य को कितनी हानि पहुंचा रही है, इस बात की संवेदनशीलता को हम समय रहते समझ जाएं यह आवश्यक है। नहीं तो जो भारत आज इस बात पर इतरा रहा है कि वो विश्व का सबसे युवा देश है उसे बच्चों और युवाओं के सबसे खराब स्वास्थ्य वाला देश बनने में देर नहीं लगेगी। एक मां जब अपने बच्चे को दूध पिलाती है, तो इस विश्वास के साथ कि वह उसे स्वस्थ पोषण दे रही है। लेकिन क्या उस मुनाफेखोर को जरा भी आत्मग्लानि होती है जो चंद रुपयों के लिए वो एक मां की ममता से विश्वासघात कर रहा है? यह केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है, यह नैतिक पतन की पराकाष्ठा है।

दरअसल भारत में दुग्ध उत्पादन निरंतर बढ़ा है। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की शक्ति है। परंतु उत्पादन की गति यदि गुणवत्ता की निगरानी से तेज हो जाए, तो संतुलन बिगड़ता है। मांग बढ़ती है, प्रतिस्पर्धा बढ़ती है, और वहीं से अनैतिक शॉर्टकट का जन्म होता है। यदि निरीक्षण तंत्र अनियमित हो, यदि दंड विलंबित हो, यदि दोषियों को वास्तविक भय न हो-तो मिलावट एक 'कम जोखिम, अधिक लाभ' का व्यापार बन जाती है।

## खास बात

### प्रेम विवाह में गुजरात सरकार का दखल?

गुजरात में प्रेम विवाह करने की सूचना अनिवार्य रूप से कानूनन युवक और युवति को अपने परिवार वालों के साथ करनी होगी। यदि ऐसा नहीं किया तो शादी अमान्य मानी जाएगी। इसको लेकर भाजपा में नाराजगी देखने को मिल रही है। प्रेम विवाह के लिए मां-बाप और रिश्तेदार सहमति नहीं देते हैं। बाद में वह स्वीकार कर लेते हैं। यदि यह कानून बन गया, फिर कैसे प्रेम विवाह हो पाएंगे? ऐसे में गुजरात की छवि भी प्रभावित होगी। क्योंकि यहां पर सभी राज्यों के लोग रहते हैं।

### तमिलनाडु के चुनाव में राजाजी की याद

जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है। उसके बाद से जिस राज्य में चुनाव होते हैं। उस राज्य मे दिवंगत हो चुके नेताओं की यादें भाजपा के लिए ताजा हो जाती हैं। दूसरों को अपना कैसे बनाया जा सकता है, इसे भाजपा से सीखना होगा। पूर्व नेताओं की मूर्ति लगाने और यशोगन का सिलसिला शुरू हो जाता है। लोकसभा चुनाव के समय चौधरी चरण सिंह, कर्पूरी ठाकुर याद आए थे। पश्चिम बंगाल के चुनाव में बंकिम बाबू याद आ गए हैं। पिछले चुनाव में रविंद्र नाथ टैगोर, ईश्वर चंद्र विद्यासागर की बहार थी। इस बार वह गायब हैं। तमिलनाडु में अब भाजपा को राजा जी का सम्मान और याद करने का मौका मिला है। उनकी प्रतिमा भी लग गई, उनके जयकारे भी हो रहे हैं। इसे कहते हैं, समय की बलिहारी। समय पड़ने पर उन्हें निकालकर ले आएंगे।

### तमिलनाडु से कांग्रेस का 1 राज्यसभा सदस्य

तमिलनाडु में कांग्रेस के 18 विधायक हैं। तमिलनाडु की 6 सीटों पर राज्यसभा का चुनाव होना है। इनमें से 5 सीट सत्तारूढ़ गठबंधन को मिलने जा रही हैं। एक सीट स्टालिन कांग्रेस के लिए छोड़ेंगे? स्टालिन विधानसभा सीट में अपना वर्चस्व बनाए रखना चाहते हैं। कांग्रेस विधानसभा की ज्यादा सीट मांग रही है। इसलिए वह कांग्रेस को राज्यसभा की एक सीट देकर कांग्रेस को एडजस्ट करने की सोच रहे हैं।

### एआई समिट में सबसे बड़ा झोल गलगोटिया में

गलगोटिया विश्वविद्यालय एक ही झटके में सारी दुनिया में चर्चित हो गया है। चीनी कुत्ते का मॉडल उन्होंने अपना बताकर दिखाया। उसके बाद से भारत सहित दुनिया के सभी देशों में इस विश्वविद्यालय की चर्चा हो रही है। इतना प्रचार आज तक किसी भी विश्वविद्यालय को नहीं मिला है। अनुसंधान और अविष्कार का कोई प्रमाण नहीं मिला। चीन के रोबोट को अपना रोबोट बताकर जो कमाई विश्वविद्यालय ने की है। उसकी सारी दुनिया में चर्चा हो रही है।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, फाल्गुन शुक्ल पक्ष, शिशिर ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोद्रय पश्चिमे तिथि, चर्तुदर्शी, सोमवार, अश्लेषा नक्षत्रे, वल योगे, वव करणे, सिंह की चंद्रमा, भद्रा 26/12 चर्तुदर्शी व्रत, होलिका दहन भद्रा 12/40 वक्री बुध तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, वक्ता, प्रशासक, धनी-मानी होगा।

**मेष राशि**- मान-प्रतिष्ठा बाल-बाल बचे, कार्य व्यवसाय गति उत्तम, स्त्री वर्ग से क्लेश होगा।

**वृष राशि**- धन प्राप्ति के योग बनेंगे, नवीन मैत्री-मंत्रणा प्राप्त होगी ध्यान अवश्य दें।

**मिथुन राशि**- इष्ट मित्र सहायक रहेंगे, व्यवसाय क्षमता में वृद्धि होगी तथा कार्य बनेंगे।

**कर्क राशि**- सामाजिक कार्य में प्रतिष्ठा, कार्य कुशलता से संतोष तथा रुके कार्य बनेंगे।

**सिंह राशि**- परिश्रम से समय पर सोचे कार्य पूर्ण होंगे, व्यवसाय गति उत्तम होगी।

**कन्या राशि**- अधिकारियों का समर्थन फलप्रद होगा, कार्य कुशलता से संतोष होगा।

**तुला राशि**- दैनिक व्यवसाय गति उत्तम, कार्यगति उत्तम बनेगी, चिन्तायें कम होंगी।

**वृश्चिक राशि**- कार्यवृत्ति में सुधार होगा, असमंजस तथा सफलता के कार्य अवश्य बनेंगे।

**धनु राशि**- स्थिति अनियंत्रित रहेगी, सफलता के लिये परिश्रम करें, कार्य नियंत्रण से लाभ होगा।

**मकर राशि**- मानसिक खिन्नता तथा स्वाभाव में उद्विघ्नता अवश्य होगी, कार्य करें।

**कुंभ राशि**- कार्य योजना फलीभूत होगी, विघटनकारी तत्व परेशान करेंगे, कार्य समय पर करें।

**मीन राशि**- मनोबल उत्साहवर्धक होगा, कार्य कुशलता से संतोष अवश्य होगा।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**2 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.03 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मेष | 08.34 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 10.14 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.12 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.25 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.42 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.53 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.04 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.19 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.35 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मकर | 03.40 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 05.26 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 61 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्दशी 17.56 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आश्लेषा 07.52 बजे को समाप्त।
**योग** अतिगण्ड 12.19 बजे को समाप्त।
**करण** गर 06.30 बजे, वणिज 17.56 बजे तदनन्तर विष्टि 05.29 बजे प्रात: को समाप्त।
**चन्द्रायु** 12.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 07° 17'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872636
**जूलियन दिन** 2461101.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 12
**विशेष** फाल्गुन चौमासी चौदस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



## भोपाल तिराहे पर ट्राइडेंट कंपनी का सामान ले जा रहा ट्राला टायर फटने से पलटा

नर्मदा पुरम। शहर के भोपाल तिराहे पर रविवार को ट्राइडेंट कंपनी का सामान ले जा रहा एक ट्राला पलट गया ।फिलहाल जनहानि की कोई खबर नहीं है ।16 पहिए वाला यह ट्राला अनियंत्रित होकर तिराहे के नजदीक पलट गया।बताया जाता है कि टायर फटने से यह हादसा हुआ लेकिन इसमें कोई जनहानि नहीं हुई।इसको देखकर आसपास अफरा तफरी का माहौल हो गया और भारी मात्रा में लोग जमा हो गए ।बताया जाता है कि इसमें भारी मात्रा में कंपनी का सामान था और दबाव से इसका टायर फट गया जिससे ट्राला अनियंत्रित हो गया और पलट गया।

### आध्यात्मिक ऊर्जा और सेवा का संगम

# विधायक विजयपाल सिंह की नर्मदा परिक्रमा का दसवाँ दिन

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

आध्यात्मिक माँ नर्मदा परिक्रमा के पावन दसवें दिवस पर सीहोर जिला के शाहगंज स्थित बांद्राभान (बाईराम आश्रम) के उत्तरी नर्मदा तट पर प्रात:काल पूज्य गुरुदेव आचार्य पंडित श्री सोमेश जी परसाई के सानिध्य में सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक श्री विजयपाल सिंह ने भगवती माँ नर्मदा जी का विधि-विधान से पूजन एवं भगवान शिव जी का अभिषेक किया। विधायक श्री विजयपाल सिंह ने प्रात:काल उत्तरी नर्मदा तट पर पूज्य संतजनों के सानिध्य में माँ नर्मदा का विधि-विधान से पूजन एवं भगवान शिव का अभिषेक किया। इस अवसर पर आश्रम में विराजित संत महात्माओं के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा गौशाला में गौसेवा कर पुण्य लाभ अर्जित किया।



आश्रम परिसर में परिक्रमा यात्रियों के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक श्री सिंह ने स्वयं उपस्थित रहकर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ आश्रम परिसर में पौधारोपण भी किया गया।

आश्रम में परिक्रमा यात्रियों हेतु भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से प्रसाद ग्रहण किया।

बाईराम आश्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी एवं बुधनी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रमाकांत भार्गव सहित माँ नर्मदा भक्तगण एवं क्षेत्रीय नागरिक ने सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह का स्वागत किया।

कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, बीजेपी जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला सहित अनेक जनप्रतिनिधि, संतगण, परिक्रमावासी, माँ नर्मदा भक्तगण एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

विधायक श्री विजयपाल सिंह ने कहा कि 'माँ नर्मदा परिक्रमा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली महान परंपरा है। हम सभी का कर्तव्य है कि माँ नर्मदा की पावन धारा को स्वच्छ, निर्मल और अविरल बनाए रखने का संकल्प लें।'

अंत में विधायक श्री विजयपाल सिंह ने समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना करते हुए माँ नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## सेवा भारती संस्था ने किया भजन प्रतियोगिता का आयोजन अनेक भजन मंडली हुई शामिल




*रायसेन। जिला मुख्यालय स्थित वी टी आई भवन के सभागार में रविवार को सेवा भारती संस्था रायसेन द्वारा भजन प्रतियोगिता का विशाल आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं की भजन मंडलियों ने प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी कला का प्रदर्शन किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं भजन प्रतियोगिता कार्यक्रम में शामिल हुई इस दौरान महिला भजन मंडलियों ने अपनी कार्य कुशलता दिखाते हुए अपने संगीतमय कला का प्रदर्शन किया जिसकी सराहना कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों द्वारा की गई।इस मौके पर समाजसेवी डॉक्टर किरण सेजवार द्वारा कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं का फूल बरसा कर स्वागत किया। इस अवसर पर सभी महिलाओं ने मिलकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली उत्सव भी मनाया। इस मौके पर सेवा भारती संस्था की ओर से भजन मंडलियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए, कार्यक्रम में रायसेन नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन साहब अनेक महिलाएं कार्यक्रम में उत्साह से शामिल हुई।*

## आजीविका मिशन की मदद से अब महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर, जीवन में आ रहा सकारात्मक बदलाव

*रायसेन। सरकार द्वारा संचालित आजीविका मिशन ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है।इस मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों का गठन कर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है।प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार से जुड़ाव के माध्यम से महिलाएं अब अपने पैरों पर खड़ी हो रही हैं। रायसेन जिले के बम्होरी निवासी श्रीमती सरोज बाई आजीविका मिशन की मदद से किराना दुकान स्टोर संचालित कर रही हैं और परिवार की आर्थिक उन्नति में योगदान दे रही है। श्रीमती सरोज बाई ने बताया कि समूह से जुड़ने से पहले घर चलाने के लिए वह पति के साथ मजदूरी करती थीं। आय का अन्य कोई स्त्रोत नहीं होने के कारण आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी और परिवार का बड़ी मुश्किल से गुजारा होता था।*

### महाआरती में शामिल श्रद्धालुओं का लकी ड्रॉ भी निकाला गया

# माता महालक्ष्मी एवं भगवान अग्रसेन की 24वीं महाआरती सम्पन्न

भोपाल ■ निसं

अग्रकुल प्रवर्तक एवं अग्रवाल समाज के आराध्य देव महाराज अग्रसेन एवं कुलदेवी माता लक्ष्मी की आज 24वीं महाआरती आईटीसी पार्क, कमला पार्क के सामने भोपाल में संपन्न हुई।



मुकेश गोयल ने बताया कि माह के प्रथम रविवार महाआरती का नियमित आयोजन किया जा रहा है। अब तक 24 सम्पन्न हो चुकी है। भगवान अग्रसेन जी की प्रतिमा पर नियमित माल्यार्पण भी किया जा रहा हैं। बच्चों को भगवान अग्रसेन महाराज के जीवन से प्रेरणा मिले और उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज के कल्याण में अपना योगदान दें, इसी उद्देश्य से महाआरती का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। महाआरती में शामिल श्रद्धालुओं का लकी ड्रॉ भी निकाला गया। महाआरती में विनीत अग्रवाल, नितिन गुप्ता, रोहित गुप्ता,मनोज अग्रवाल, चंद्रेश अग्रवाल, अमित मित्तल निशा गुप्ता, रानी मित्तल, विनीता अग्रवाल, सपना गोयल सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन, महिलाएं एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मां रेवा की भक्ति बनी स्वच्छता की शक्ति- चित्रगुप्त घाट पर कायस्थ समाज का 'भागीरथ' संकल्प

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन



'नर्मदे सर्वदे...' के दिव्य जयघोष और मां रेवा के प्रति अटूट श्रद्धा के साथ, पिछले 4 वर्षों से जारी अखिल भारतीय कायस्थ समाज का स्वच्छता संकल्प रविवार को भी पूरी निष्ठा के साथ संपन्न हुआ। स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर आयोजित इस वृहद अभियान में न केवल श्रमदान किया गया, बल्कि समाज के दिग्गजों ने मां नर्मदा की महिमा के आलोक में स्वच्छता और जल संरक्षण का पावन संदेश भी दिया। अभियान के दौरान चार प्रमुख व्यक्तित्वों ने मां नर्मदा और गंगा के महत्व को रेखांकित करते हुए जनता को जागरूक किया। सी.बी. खरे बैंक अधिकारी ने बताया कि शास्त्रों में वर्णित है कि गंगा में स्नान से जो पुण्य मिलता है, वह मां नर्मदा के दर्शन मात्र से प्राप्त होता है। मां गंगा की भांति ही नर्मदा का जल भी मोक्षदायिनी है। यदि हम घाटों को दूषित रखते हैं, तो हम अपनी आध्यात्मिक विरासत का अपमान कर रहे हैं। स्वच्छता ही मां की सच्ची आरती है। विजय वर्मा प्रखर समाजसेवी ने कहा कि जल को साक्षात ब्रह्म माना गया है। जैसे गंगा की अविरलता महत्वपूर्ण है, वैसे ही मां नर्मदा की निर्मलता हमारा सामूहिक दायित्व है। जनता को समझना होगा कि घाट पर फेंका गया एक छोटा सा कचरा भी हमारे पर्यावरण और धर्म के विरुद्ध है। आइए, इसे अपनी जीवनशैली बनाएं। वहीं जिला अध्यक्ष श्रीमती ज्योति वर्मा ने कहा कि मातृशक्ति का धर्म केवल घर की शुद्धि नहीं, बल्कि समाज और धर्म की जननी मां नर्मदा की शुद्धि भी है। गंगा जी ने जिस प्रकार धरती को पवित्र किया। नर्मदा भी हमें जीवन दे रही हैं। स्वच्छता का यह संकल्प हर घर से निकलकर घाटों तक आना चाहिए। वहीं सीबी खरे ने बताया कि मां नर्मदा हमारी जीवनदायनी है। नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा ने मान्यता है कि मां के तटों पर किया गया सेवा कार्य अनंत गुना फल देता है। शासन अपनी ओर से प्रयास कर रहा है, लेकिन जनता की भागीदारी के बिना स्वच्छता संभव नहीं। चित्रगुप्त घाट की सीढ़ियों से काई हटाना केवल फिसलन हटाना नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं के मार्ग को सुगम और पुनीत बनाना है।

## 3 दिवसीय राष्ट्रीय आदिवासी अधिकार सम्मेलन आयोजित



खरगोन ■ निसं

भुवनेशर (ओडिसा) में आदिवासी जनजाति अधिकार मंच द्वारा आयोजित 3 दिवसीय राष्ट्रीय आदिवासी अधिकार सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें जंगल, आजीविका पहचान ओर आदिवासी सशक्तिकरण पर मंथन किया गया इस राष्ट्रीय सम्मेलन में पैसा कानून FRA,IFR, CFR वन अधिकार मान्यता कानून PVTG, आजिविका, प्रवास अधिकार, पर विचार विमर्श किया गया इस आयोजन में देश के 18 राज्य के आदिवासी कार्यकर्ता सम्मिलित हुए

वही पर मध्यप्रदेश से खरगोन जिला ग्राम पीपलझोपा से सामाजिक कार्यकर्ता छात्रा बहन लक्ष्मी सोलंकी ने भी भूवनेश्वर में भाग लेकर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्त्व किया उन्होंने पैसा FRA,IFR, CFR वन अधिकार मान्यता कानून को लेकर अपने बात रखी वनाधानिकार कानून बना 20 पूरे हो चुके हैं ।लेकिन देखा जाए तो जो वास्तविक धरातल पर काम होना चाहिए वो नही हुआ है ।यह कानून सिर्फ व सिर्फ कागजों में ही रह गया है। जिस तरह से आदिवासियो को जमीन का हक अधिकर मिलना चाहिए था वह नही मिल पाया है ।जो समस्याएं मध्यप्रदेश में है वही समस्याएं पूरे देश भर में देखने को मिली है। इसी को लेकर भूवनेश्वर के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से चर्चा की। मध्यप्रदेश और देश भर की समस्याओं को लेकर सामूदायिक दावों को लेकर चर्चा की गई।

### विधायक डॉ शर्मा ने उठाया मामला अवैध कॉलोनी ना बने इस पर बनेगा कानून

# अवैध कॉलोनियां जो बन चुकी नगरी प्रशासन विभाग दे अनुमति और मिले मूलभूत सुविधा

**विधायक डॉक्टर शर्मा का कहना था कि जो अवैध कॉलोनियां बन चुकी हैं, उनके रहवासियों को भी मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए वह टैक्स देते हैं और उन्हें सुविधा मिलना चाहिए।**

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

विधानसभा में अवैध कॉलोनी को लेकर मामला गूंजा। विधानसभा में नगरीय प्रशासन मंत्री ने कहा कि अवैध कॉलोनी नहीं बने इसके लिए कड़ा कानून जल्द ही बनाया जाएगा। इसके बाद विधायक डॉ सीताशरण शर्मा ने कहा कि जो अवैध कालोनी बन चुकी हैं उनको मूलभूत सुविधा दें और उन्हें नगरी प्रशासन विभाग अनुमति भी दे। विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने विधान सभा में यह मुद्दा उठाया, जिसपर मंत्री ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए कहा कि अवैध कॉलोनी को वैध करने



की प्रक्रिया पर वह काम कर रहे हैं, जो वैध हो सकती हैं उनको वैध भी करेंगे जो वैध नहीं हो सकती हैं उनके बारे में भी हम विचार करेंगे।

# 2026 में चंद्रग्रहण और भद्रा की चुनौती, शास्त्र सम्मत निर्णय से आज ही मनेगी 'होली'

**नर्मदापुरम, निप्र।** संवत् 2082 की फाल्गुन पूर्णिमा इस बार केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि ज्योतिषीय गणनाओं की एक बड़ी परीक्षा लेकर आ रही है। आगामी वर्ष 2026 में खगोल विज्ञान और धर्मशास्त्रों के अद्भुत टकराव के बीच यह तय हुआ है कि होलिका दहन 2 मार्च को ही संपन्न होगा। विद्वानों ने यह निर्णय इसलिए लिया है क्योंकि अगले दिन यानी 3 मार्च को आकाश में होने वाली हलचल उत्सव के आड़े आ रही है। क्यों बदला गया परंपरा का गणित: सामान्यत: पूर्णिमा की तिथि और अगले दिन की स्थिति देखकर दहन का मुहूर्त तय होता है, लेकिन इस बार 3 मार्च को 'ग्रस्तोदित चंद्रग्रहण' का साया है। शास्त्रों के अनुसार, ग्रहण के सूतक और वेध के दौरान अग्नि प्रज्वलित करना निषिद्ध है।'धर्मसिंधु' के सिद्धांतों का हवाला देते हुए ज्योतिषाचार्यों ने स्पष्ट किया है कि: यदि अगले दिन ग्रहण का प्रभाव हो, तो पूर्व दिन ही होलिका प्रज्वलित करना मंगलकारी होता है। 3 मार्च को प्रदोष काल (शाम का समय) से



पहले ही पूर्णिमा समाप्त हो जाएगी, जिससे उस दिन दहन का कोई शास्त्रीय आधार नहीं बचता।

भद्रा की चुनौती और 'प्रदोष काल' का समाधान: 2 मार्च को शाम से ही भद्रा का प्रवेश हो रहा है, जो अगले दिन सुबह तक चलेगी। ऐसे में यह सवाल उठा कि क्या भद्रा में होली जल सकती है? विशेषज्ञों ने इसका समाधान निकालते हुए बताया है कि:

भद्रा मुख का त्याग: भद्रा के शुरुआती कठिन समय (मुख काल) को छोड़कर पूजन किया जा सकता है।

विजय मुहूर्त: सूर्यास्त के बाद के लगभग 144 मिनट (2 घंटे 24 मिनट) का समय सबसे पवित्र माना गया है। इस 'प्रदोष वेला' में भद्रा का दोष मान्य नहीं होगा।

इस वर्ष भक्तों को मुहूर्त की शुद्धता का विशेष ध्यान रखना होगा, क्योंकि ग्रहण की उपस्थिति के कारण सूतक काल से पूर्व ही सभी धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण कर लेना जनहित और राष्ट्रहित में कल्याणकारी माना जा रहा है।

### नर्मदापुरम पुलिस का 'क्लीन शिप होली से पहले अवैध शराब माफियाओं पर कड़ा प्रहार

# 42 लीटर शराब के साथ 2 वाहन ज़ब्त

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

होली के पावन पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने और हुड़दंगियों पर लगाम कसने के लिए नर्मदापुरम पुलिस एक्शन मोड में है। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा के कुशल मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन एवं अनुविभागीय अधिकारी जितेंद्र पाठक के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब विक्रेताओं और असामाजिक तत्वों की कमर तोड़ दी है।

दो दिवसीय विशेष अभियान 27 और 28 फरवरी की बड़ी कार्रवाई: पुलिस द्वारा सूचना तंत्र को सक्रिय कर लगातार रेड डाली जा रही है। ज्ञात हो कि 27 फरवरी 2026 को बंगाली कॉलोनी



(ब्रिज के नीचे) और बालागंज क्षेत्र में दबिश दी गई थी, जहां से 10 लीटर अवैध शराब (कीमत 2500/-) बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किए गए थे।

इसी क्रम को जारी रखते हुए 28 फरवरी 2026 को कोतवाली पुलिस ने बालागंज और आसपास के इलाकों में फिर से बड़ी स्ट्राइक की।

पकड़े गए आरोपी और ज़ब्ती का ब्यौरा: आज हुई कार्रवाई में पुलिस ने कुल 06 प्रकरण दर्ज किए हैं, जिनका विवरण निम्न अनुसार है:' शेख शादाब (28 वर्ष) निवासी इमामवाड़ा, बालागंज। इनके कब्जे से 5 लीटर अवैध शराब (कीमत ?2,000/-) बरामद। रेखा मेषकर (40 वर्ष) निवासी बालागंज। इनके पास से 7 लीटर अवैध शराब (कीमत 700/-) ज़ब्त। किशन जाटव (52 वर्ष) निवासी बालागंज। इनके कब्जे से 5 लीटर अवैध शराब (कीमत 2,000/-) बरामद।

विशाल तिवारी (28 वर्ष) निवासी बालागंज (काकाश्री ढाबे के पास)। इनके पास से 3.6 लीटर अवैध शराब (कीमत 1,400/-) ज़ब्त। इंद्रजीत केवट निवासी बड़ी बजरिया। सब्जी मंडी के पास ज्यूपीटर स्कूटी की डिग्गी से 9 लीटर अंग्रेजी शराब (कीमत ?8,500/-) और वाहन ज़ब्त।

पीयूष राजेश (19 वर्ष) निवासी रसूलिया। इनके पास से 9 लीटर अंग्रेजी शराब (कीमत ?8,500/-) और ज्यूपीटर गाड़ी ज़ब्त।

कुल बरामदगी एक नज़र में: अवैध शराब 42 लीटर (कच्ची, देशी और अंग्रेजी) शराब की कुल कीमत 25,200/- वाहन 02 ज्यूपीटर स्कूटी (कीमत लगभग 1,20,000/-)

पुलिस का संदेश: कोतवाली पुलिस ने साफ कर दिया है कि त्योहारों के दौरान शांति भंग करने वाले और अवैध गतिविधियों में लिप्त असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। आबकारी अधिनियम के तहत यह सख्त कार्रवाई आने वाले दिनों में भी निरंतर जारी रहेगी।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने स्थानीय बालागंज पहुँचकर स्वर्गीय कमलाबाई राठौर को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश पचौरी आज स्थानीय बालागंज स्थित राठौर निवास पहुँचे। यहाँ उन्होंने वरिष्ठ समाजसेवी कुलदीप राठौर की पूजनीय माताजी, स्वर्गीय श्रीमती कमलाबाई राठौर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



शोक संतप्त परिवार को बंधाया ढांढस: शोक की इस घड़ी में परिवार के बीच पहुँचे श्री पचौरी ने कुलदीप राठौर एवं समस्त शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर उन्होंने परिवार को सांत्वना देते हुए अपने उद्बोधन में कहा 'माताजी का जाना न केवल राठौर परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। एक माँ का साया उठने का दु:ख शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। श्रीमती कमलाबाई राठौर एक ममतामयी और उच्च आदर्शों वाली महिला थीं, जिनके संस्कार आज उनके सुपुत्रों और परिवार के रूप में हमारे सामने हैं। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को यह अपार कष्ट सहने की शक्ति प्रदान करें।'

वरिष्ठ पत्रकार और गणमान्य नागरिक रहे उपस्थित: श्रद्धांजलि सभा के दौरान क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ पत्रकार और गणमान्य नागरिकों ने भी उपस्थित रहकर दिवंगत आत्मा को नमन किया। उपस्थित जनों में प्रमुख रूप से शामिल रहे: वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल तिवारी, सी.बी. खरे, बीनू बुधोलिया।

पत्रकार: पुरुषोत्तम मालवीय, अभिषेक मालवीय।

अन्य गणमान्य अमित खत्री, शिवराज चंद्रोल, और गोविंद चौधरी। सभी उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की और परिवार के प्रति अपनी सहानुभूति प्रकट की।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्लैक बेल्ट पाकर 55 ताईक्वांडो खिलाड़ियों के खिले चेहरे

**मुरादाबाद।** जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी में 55 ताईक्वांडो खिलाड़ियों को ब्लैक बेल्ट का वितरण हुआ। इस दौरान जिले के ताइक्वांडो खिलाड़ियों को नई तकनीकियां भी समझाई गईं। जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव शाहवेज़ अली ने बताया कि कलर बेल्ट वितरण शिविर में ताइक्वांडो खिलाड़ियों को एडवांस प्रशिक्षण भी दिया गया। इसमें खिलाड़ियों को नई तकनीक और कौशल के बारे में जानकारी दी गई व आगामी राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन दिखा सकें। इस तरह के शिविर का संचालन जिले में अलग-अलग स्थानों पर आगे भी आयोजित होते रहेंगे। इससे जिले के खिलाड़ियों में जागरूकता बनी रहेगी व सभी खिलाड़ी आगामी राज्य, राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेरते रहेंगे। आरएसडी एकेडमी के निदेशक डॉ. विनोद कुमार व डॉ. जी. कुमार ने कहा कि इस समय सभी स्कूलों में परीक्षाएं चल रही हैं। इसके बावजूद भी खिलाड़ियों में ताइक्वांडो को लेकर अधिक जोश बना हुआ है। वह खूब पसीना बहा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि पढ़ाई के साथ खेल और शारीरिक व्यायाम भी अधिक

### ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 185 रन से हराया, क्लीन स्वीप

**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने अपने अंतिम वनडे मुकाबले में 158 रन की विस्फोटक पारी खेलकर टीम को भारत के खिलाफ 185 रन की बड़ी जीत दिलाई। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला 3-0 से जीत ली। बेलरीव ओवल में खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 409 रन बनाए, जो घरेलू मैदान पर उसका पहला 400 से अधिक का स्कोर है। हीली के अलावा बेथ मूनी ने 84 गेंदों पर नाबाद 106 रन बनाए। अंत में निकोला कैरी ने 15 गेंदों में नाबाद 34 रन की तेज पारी खेली। भारत की ओर से स्नेह राणा (44 रन) ने सर्वाधिक योगदान दिया, लेकिन टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अलाना किंग ने 4 विकेट झटके और भारतीय बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया। टॉस जीतकर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पहले गेंदबाजी चुनी। हीली ने 98 गेंदों में 158 रन की पारी खेलते हुए 79 गेंदों में शतक पूरा किया। यह उनका वनडे करियर का आठवां शतक रहा। उनकी इस पारी के दौरान उन्होंने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। 410 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। स्मृति मंधाना बिना खाता खोले आउट हो गईं। जेमिमा रोड्रिग्स (42 रन) ने कुछ आक्रामक शॉट लगाए, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। हरलीन देओल (14 रन) रन आउट हुईं और हरमनप्रीत कौर 25 रन बनाकर आउट हो गईं।

### सलीमा टेटे होंगी कप्तान : 8 से 14 मार्च तक आयोजित होगी प्रतियोगिता

# एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम घोषित

**हैदराबाद ■ एजेंसी**

हॉकी इंडिया ने हैदराबाद (तेलंगाना) में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 क्वालीफायर के लिए 20 सदस्यीय भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम (भारत) की घोषणा कर दी है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 8 से 14 मार्च तक आयोजित की जाएगी। भारत 8 मार्च को उरुग्वे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, इसके बाद 9 मार्च को स्कॉटलैंड और 11 मार्च को वेल्स से मुकाबला करेगा।



इस क्वालीफायर में मेजबान भारत के अलावा इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया की टीमें भाग लेंगी। यहां से तीन टीमें एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 (बेल्जियम और नीदरलैंड्स) के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो अगस्त 2026 में खेला जाएगा। टीमों को दो पूल में बांटा गया है। पूल-ए में इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया, जबकि पूल-बी में भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स शामिल हैं।

अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे टीम की कप्तानी संभालेंगी। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी बंसारी सोलंकी और बिचु देवी खरीबाम को सौंपी गई है। डिफेंस में सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी शामिल हैं। मिडफील्ड में सलीमा टेटे के साथ नेहा, सुनेलिता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुताजा दादासो पिसाल और दीपिका सोरेंग को जगह मिली है।

फॉरवर्ड लाइन में नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू गोल करने की जिम्मेदारी निभाएंगी। मुख्य कोच सजोर्ड मारिजन ने कहा कि टीम फिटनेस और रणनीति पर काम कर रही है और टूर्नामेंट से पहले दो अभ्यास मैच खेलेगी।

**20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम**

**गोलकीपर :** बंसारी सोलंकी और बिचु देवी खरीबाम ।

**डिफेंडर्स :** सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी।

**मिडफील्डर :** सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा, सुनेलिता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुताजा दादासो पिसाल और दीपिका सोरेंग।

**फॉरवर्ड :** नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू ।

# दुबई एयरपोर्ट के पास धमाका पीवी सिंधु को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु को दुबई एयरपोर्ट के पास हुए धमाके के बाद सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। वह अपनी टीम के साथ एयरपोर्ट पर फंसी हुई थीं, जहां अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण उड़ान संचालन अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर दिया गया था।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन खेलने के लिए रवाना हुई थीं, लेकिन हालात बिगड़ने के कारण उन्हें दुबई में रुकना पड़ा। एयरस्पेस बंद होने से कई उड़ानें प्रभावित हुई और यात्री एयरपोर्ट पर ही इंतजार करने को मजबूर हो गए।

सिंधु ने सोशल मीडिया पर बताया, 'स्थिति हर घंटे और भयावह होती जा रही है। कुछ घंटे पहले एयरपोर्ट पर जहां हम ठहरे हुए थे, उसके पास जोरदार धमाका हुआ। मेरे कोच को धुएं और मलबे के सबसे करीब होने के कारण तुरंत वहां से भागना पड़ा। वह हम सभी के लिए बेहद तनावपूर्ण और डरावना पल था।'

उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल सभी सुरक्षित हैं और दुबई एयरपोर्ट स्टाफ व स्थानीय प्रशासन की मदद से उन्हें अधिक सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। सिंधु ने दुबई में स्थित भारतीय उच्चायोग का भी विशेष रूप से आभार जताया, जिसने लगातार संपर्क में रहकर सहायता प्रदान की। उन्होंने कहा कि अब वे हालात सामान्य होने का इंतजार कर रहे हैं।

क्षेत्र में बढ़ते सैन्य तनाव के चलते खाड़ी देशों के एयरस्पेस को बंद कर दिया गया है। इससे एमिरेट्स और एयर इंडिया सहित कई एयरलाइंस की उड़ानें प्रभावित हुई हैं। अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले के बाद ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने जवाबी कार्रवाई करते हुए ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं। इजरायल के साथ-साथ बहरीन, कुवैत और कतर में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाए जाने से पूरे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

# *फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल के 63वें संस्करण में एशियाई खेल 2026 पर निशाना, अनीश भानवाला और तनिक्षा खत्री ने की सराहना*

***नई दिल्ली ■ एजेंसी***

*देशभर में आयोजित फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल के 63वें संस्करण में भारतीय खिलाड़ियों ने सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने की पहल की जमकर सराहना की। प्रमुख निशानेबाज अनीश भानवाला और अंतरराष्ट्रीय फेंसर तनिक्षा खत्री ने 2026 एशियाई खेलों में पदक जीतने का लक्ष्य दोहराते हुए इस अभियान को जनआंदोलन बताया।*

*राष्ट्रीय राजधानी स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिंग कॉम्प्लेक्स में जुम्बा, योग और रोप स्किपिंग जैसी गतिविधियों के साथ हजार से अधिक लोगों ने भागीदारी की। यह आयोजन गृह मंत्रालय के अग्निशमन एवं आपातकालीन विभाग के सहयोग से देशभर के 1000 स्थानों पर किया गया।*

*टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के अंतर्गत प्रशिक्षण ले रहे अनीश भानवाला ने कहा कि लगातार 63 सप्ताह तक इस अभियान का आयोजन करना सराहनीय है। उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। भानवाला ने कहा कि एशियाई खेल 2026 उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि यह लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन का रास्ता भी खोलते हैं।*



*वहीं, हरियाणा के करनाल की 23 वर्षीय तनिक्षा खत्री ने कहा कि जून में भारत में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप उन्हें घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का अवसर देगी और फेंसिंग को लोकप्रिय बनाने में मदद करेगी। उन्होंने बताया कि हांगझोउ एशियाई खेलों में वह क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थीं और इस बार पदक जीतने का लक्ष्य है। विशाखापत्तनम में आरके बीच पर 800 से अधिक साइकिल चालकों और फिटनेस प्रेमियों ने भाग लेकर आयोजन को उत्सव का रूप दिया। यह कार्यक्रम तीन दिवसीय फिट इंडिया कार्निवल 2026 की शुरुआत का मंच भी बना, जिसमें फिटनेस कार्यशालाएं, प्रतियोगिताएं और जनभागीदारी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष अनीमिनी रवि नायडू, विधायक पी.जी.वी.आर. नायडू (गनबाबू) सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। ओलंपियन और एशियाई खेल स्वर्ण पदक विजेता जिन्सन जॉनसन ने भी भारतीय एथलीटों के प्रति आशावाद जताया और कहा कि 2026 एशियाई खेलों के लिए देश के मिडिल डिस्टेंस धावक बेहतर तैयारी कर रहे हैं।*

## व्यापार

# सीबीआईसी ने पात्र विनिर्माता आयातकों के लिए विलंबित सीमा शुल्क भुगतान सुविधा प्रारंभ की

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने पात्र विनिर्माता आयातकों के लिए विलंबित सीमा शुल्क भुगतान सुविधा की शुरुआत की है। ये सुविधा केंद्रीय बजट 2026-27 में की गई घोषणा के अनुसार की गई है।

वित्त मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान में बताया कि सीबीआईसी ने इस संबंध में दिनांक 28 फरवरी, शनिवार को परिपत्र संख्या 08/2026-सीमा शुल्क के जरिए विस्तृत पात्रता शर्तें, आवेदन की प्रक्रिया और परिचालन दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत सीबीआईसी ने पात्र विनिर्माता आयातक (ईएमआई) नामक आयातकों की एक नई श्रेणी को विलंबित सीमा शुल्क भुगतान की सुविधा प्रदान की है।

मंत्रालय के मुताबिक केंद्रीय वित्त एवं कारपोरेट कार्य मंत्री द्वारा केंद्रीय बजट 2026-27 में की गई घोषणा के अनुसरण में इस पहल के तहत पात्र विनिर्माता आयातकों (ईएमआई) को माल की निकासी के समय सीमा शुल्क का भुगतान किए बिना आयातित माल की निकासी की सुविधा भी मिलेगी। इसके तहत लागू शुल्क का भुगतान आयात शुल्क विलंबित भुगतान नियम, 2016 के तहत मासिक आधार पर किया जा सकता है। इससे निर्माताओं को नकदी प्रवाह और कार्यशील पूंजी का बेहतर प्रबंधन करने में सहायता मिलेगी।

वित्त मंत्रालय के मुताबिक ये सुविधा 01 अप्रैल, 2026 से उपलब्ध होगी और 31 मार्च, 2028 तक लागू रहेगी। विलंबित भुगतान की सुविधा उन ईएमआई के लिए भी उपलब्ध होगी, जो सीमा शुल्क, जीएसटी अनुपालन, व्यवसाय, वित्तीय स्थिति और पिछले रिकॉर्ड से संबंधित निर्धारित मानदंडों को पूरा करते हैं। पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले मौजूदा एमएसएमई सहित एईओ-टी1 संस्थाएं भी इसमें भाग लेने के लिए पात्र हैं।

ईएमआई योजना के तहत आवेदन 01 मार्च, 2026 से एईओ पोर्टल www.aeoindia.gov.in पर ''पात्र विनिर्माता आयातक'' टैब के तहत ऑनलाइन जमा किए जा सकते हैं। इस सुधार से व्यापार करने में सुगमता में उल्लेखनीय सुधार होने अनुपालन संस्कृति को बढ़ावा मिलने, एईओ कार्यक्रम में व्यापक भागीदारी को बढ़ावा मिलने और घरेलू विनिर्माण को गति मिलने की उम्मीद है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह भारत के विनिर्माण-आधारित और निर्यात-उन्मुख विकास को समर्थन देने के लिए एक पूर्वानुमान योग्य, कुशल और सुगम सीमा शुल्क वातावरण बनाने के प्रति सीबीआईसी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ईएमआई योजना एक विश्वास-आधारित सुविधा उपाय के रूप में तैयार की गई है, जो अनुपालन करने वाले विनिर्माताओं को सरल प्रक्रियाओं से लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करती है और उन्हें इसके अधिक अनुपालन के लिए प्रेरित करती है।

### पश्चिम एशिया में बने भू-राजनैतिक तनाव पर रहेगी निवेशकों की नजर

**मुंबई।** पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखने को मिली और आने वाले सप्ताह में निवेशकों की निगाहें पश्चिम एशिया में बने भू-राजनैतिक तनाव पर रहेंगी। 28 फरवरी की सुबह अमेरिका और इजराइल ने संयुक्त सैन्य कार्रवाई करते हुए ईरान पर हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और अमेरिका के कुछ ठिकानों सहित पश्चिम एशिया के अन्य देशों पर हमले किए। निवेशक इस बात पर ध्यान देंगे कि क्षेत्रीय परिस्थितियां कैसे बदलती हैं और इन हमलों का वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा भारतीय बाजारों पर क्या असर होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की भू-राजनैतिक घटनाओं के कारण निवेशक जोखिम-से-विमुख रुख अपना सकते हैं। तेल की कीमतों में तेजी आने की संभावना है, जिससे ऊर्जा और पेट्रोलियम क्षेत्र के शेयर प्रभावित हो सकते हैं। वैश्विक बाजारों में दबाव बढ़ने की स्थिति में भारतीय शेयर बाजार में भी नकारात्मक असर देखने को मिल सकता है।



27 फरवरी को जारी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े भी निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण संकेत देंगे। इसके अलावा फरवरी के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े, जनवरी का औद्योगिक उत्पादन और वाहन बिक्री के आंकड़े आने वाले सप्ताह में जारी होंगे। ये आंकड़े भारत की अर्थव्यवस्था की स्थिति, उपभोक्ता मांग और उत्पादन गतिविधियों को दर्शाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि इस सप्ताह बाजार पर सबसे बड़ा दबाव भू-राजनैतिक तनाव का रहेगा। आर्थिक आंकड़े और उद्योग रिपोर्टें भी निवेशकों के निर्णयों को प्रभावित करेंगी, लेकिन उनका असर अधिकतर चयनित सेक्टरों तक सीमित रहेगा। निवेशक विशेष रूप से तेल, रक्षा, बैंकिंग और उपभोक्ता आधारित शेयरों पर नजर रखेंगे।

### सोयाबीन और मूंगफली तेल के दाम सुधरे, पाम तेल में गिरावट जारी

**नई दिल्ली।** सरसों की नई फसल की आवक बढ़ने से भाव दबाव में है। कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि उत्पादन इस साल बढ़ेगा। सरकार से आग्रह किया गया है कि सोयाबीन की तरह एमएसपी अंतर का भुगतान किसानों को किया जाए। इससे सरसों का भाव टूटने और कारोबारियों की मनमानी रोकने में मदद मिलेगी। सरकार को 20-25 लाख टन स्टॉक बनाने पर विचार करना चाहिए। सोयाबीन तेल-तिलहन और मूंगफली तेल-तिलहन में कम आवक और अच्छी मांग के कारण दाम में सुधार हुआ। बिनौला तेल के दाम भी सप्ताहांत में सुधरे। वहीं मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट और पाम-पाल्मोलिन तेल की कम कीमत बनी रही। सरकार ने आयात शुल्क बढ़ाकर कच्चा पामतेल 26 रुपये प्र?ति क्विंटल, पामोलीन 124 रुपये प्र?ति क्विंटल और सोयाबीन डीगम 15 रुपये प्र?ति क्विंटल। यह घरेलू तेल बाजार को स्थिर करने का प्रयास है। ईरान पर हमले की खबर के बाद आपूर्ति चिंताओं के कारण भी सोयाबीन तेल-तिलहन में तेजी को मदद मिली। उन्होंने कहा कि उपलब्धता में कमी की तथा अच्छी गुणवत्ता के मूंगफली दाने और खाद्य तेल की मांग होने के कारण बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में भी सुधार देखा गया। सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह मलेशिया एक्सचेंज में अधिकतम गिरावट का रुख रहने के बीच पाम-पामोलीन तेल के दाम में गिरावट देखी गई। वैसे ईरान पर हुए हमले के बाद आपूर्ति की स्थिति तथा इस तेल के दाम के बारे में अंदाजा सोमवार के कामकाज से मिल सकता है। उन्होंने कहा कि कम आवक और मांग होने के कारण बीते सप्ताह बिनौला तेल के दाम में भी सुधार आया। मंडियों में कपास नरमा का दाम एमएसपी से 10-12 प्रतिशत नीचे है इस वजह से इसकी आवक प्रभावित है। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 200 रुपये की गिरावट के साथ 6,475-6,500 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

### घरेलू सर्राफा बाजार में जोरदार तेजी, सोना और चांदी ने लगाई जोरदार छलांग



**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना और चांदी के भाव ने जोरदार छलांग लगाई। सोना आज 6,560 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 7,040 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज 10,100 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती दर्ज की गई। कीमत में आए इस उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,68,710 रुपये से लेकर 1,68,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,54,650 रुपये से लेकर 1,54,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,95,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के दौरान देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 9,430 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 8,550 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। वहीं चांदी के भाव में इस सप्ताह 20 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक तेजी आ गई है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,68,860 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,54,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,68,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,54,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,68,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,54,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,68,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,54,650 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

# फरवरी माह में जीएसटी राजस्व संग्रह 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचा

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

देश का सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह फरवरी में सालाना आधार पर 8.1 फीसदी बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। इससे पिछले महीने जनवरी में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.71 लाख करोड़ रुपये रहा था। बीते वर्ष की समान अवधि में यह 1.69 लाख करोड़ रुपये था।

जीएसटी महानिदेशालय ने रविवार को जारी आंकड़ों में बताया कि फरवरी महीने में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) जीएसटी राजस्व संग्रह में आयात से प्राप्त राजस्व में हुई उच्च वृद्धि का मुख्य योगदान रहा है। आंकड़ों के अनुसार फरवरी के कुल जीएसटी राजस्व संग्रह में केंद्रीय जीएसटी




(सीजीएसटी) 37,473 करोड़ रुपये रहा है, राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 45,900 करोड़ रुपये रहा है। इस दौरान एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) 1,00,236 करोड़ रुपये रहा।

आंकड़ों के मुताबिक फरवरी महीने में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 1.61 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.9 फीसदी अधिक है। शुद्ध उपकर राजस्व 5,063 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले साल फरवरी में 13,481 करोड़ रुपये रहा था। फरवरी में 22,595 करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया, जो सलाना आधार पर 10.2 फीसदी की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत से लेकर अब तक (1 अप्रैल, 2025 से 1 फरवरी, 2026 तक) जीएसटी राजस्व संग्रह 20,27,033 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सालाना आधार पर 8.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में जीएसटी राजस्व संग्रह 18,71,670 करोड़ रुपये था। फरवरी में महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु और कर्नाटक में सबसे अधिक जीएसटी राजस्व संग्रह दर्ज किया गया है।

# होली के रंगों से सजे बाजार, ग्राहकों के बीच भारतीय उत्पादों का बोलबाला

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

चांदनी चौक से सांसद तथा कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि देश के छोटे व्यापारियों, कारीगरों, स्टार्टअप्स और घरेलू उद्योगों के लिए भी बड़े आर्थिक अवसर लेकर आता है। उन्होंने कहा कि इस बार बाजारों में भारतीय उत्पादों का बोलबाला है।




प्रवीण खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि इस वर्ष होली पर देशभर में लगभग 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होने का अनुमान है। विशेष बात यह है कि इस बार बाजारों में स्वदेशी उत्पादों की भरपूर मांग देखी जा रही है। देश के लगभग सभी शहरों और कस्बों में बाजार पूरी तरह सज चुके हैं और व्यापार में तेजी दिखाई दे रही है। इस बार बाजारों में हर्बल, ऑर्गेनिक और त्वचा के अनुकूल रंगों की मांग लगातार बढ़ रही है। हल्के, केमिकल-फ्री और प्राकृतिक रंग छोटे पैक से लेकर बड़े पाउच तक बड़ी संख्या में बिक रहे हैं। खंडेलवाल ने कहा कि बच्चों और युवाओं के बीच पिचकारियों की भी जबरदस्त मांग है। बाजार में विभिन्न डिज़ाइन की पानी की बंदूकें, पंप वाली पिचकारी और आकर्षक कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारियाँ ग्राहकों को खास तौर पर आकर्षित कर रही हैं। खंडेलवाल ने कहा कि होली के अवसर पर रंग-बिरंगे टी-शर्ट, स्कार्फ, होली स्पेशल कुर्ते और कैजुअल कपड़े भी बड़ी मात्रा में खरीदे जा रहे हैं। होली थीम के प्रिंट, स्लोगन और रंगीन डिज़ाइन वाले परिधान युवाओं में विशेष रूप से लोकप्रिय हो रहे हैं।

खान-पान के क्षेत्र में भी होली का बाजार पूरी तरह गुलज़ार है। देशभर में होली मिलन समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम और होली उत्सवों के कारण न केवल व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं। खंडेलवाल ने कहा कि इस वर्ष बाजारों में स्वदेशी उत्पादों की बढ़ती मांग इस बात का संकेत है कि देश का उपभोक्ता अब भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देते हुए स्वदेशी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कैट ने देशवासियों से अपील की है कि वे इस होली पर स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करें और भारतीय व्यापार एवं उद्योग को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें।

संक्षिप्त समाचार

## ईरान पर हमला, सुरक्षा परिषद् में पाकिस्तान ने कहा, क्षेत्रीय स्थिरता को नुकसान

**इस्लामाबाद।** ईरान पर इजरायल व अमेरिका के संयुक्त हमले को लेकर पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् (यूएनएससी) में कहा है कि इससे क्षेत्रीय स्थिरता को नुकसान होगा और लंबे समय तक इसका असर रह सकता है। सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने 15 सदस्यों वाली काउंसिल को बताया कि मध्य पूर्व की घटनाओं को लेकर हम बेहद चिंतित हैं। इसके साथ ही, पाकिस्तान ने सऊदी अरब, बहरीन, जॉर्डन, कुवैत, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर ईरान के हमलों की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान उनके साथ एकजुटता में खड़ा है। बहस की शुरुआत करते हुए, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) सेक्रेटरी जनरल एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि किसी भी देश की स्वायत्तता के खिलाफ़ ताकत के इस्तेमाल से बचना चाहिए। उन्होंने ईरान के खिलाफ़ यूएस और इज़राइल के बड़े पैमाने पर सैन्य हमलों और इसके जवाब में ईरान की तरफ से बहरीन, इराक, जॉर्डन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और यूनाइटेड अरब अमीरात पर किए गए हमलों की निंदा की। शनिवार देर शाम फ्रांस, चीन, रूस, बहरीन और कोलंबिया के आग्रह पर काउंसिल की आपातकालीन बैठक हुई।

## मिडिल ईस्ट में गंभीर सैन्य संघर्ष के बीच पाकिस्तान ने रद्द की 156 उड़ानें

**इस्लामाबाद।** मध्य पूर्व (मिडिल ईस्ट) में गंभीर सैन्य संघर्ष और तनाव की स्थिति के बीच पाकिस्तान ने 156 उड़ानें रद्द कर दी हैं। अमेरिका और इजराइल के संयुक्त सैन्य हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत से तनाव और बढ़ गया है। ईरान जवाब में इजराइल और खाड़ी देशों (यूएई, कतर, बहरीन, कुवैत) में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए हैं। दुबई के बुर्ज अल अरब होटल और पाम जुमेराह जैसे इलाकों में भी धमाकों खबरें मिली हैं। दुनिया न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान से मिडिल ईस्ट जाने वाली अलग-अलग एयरलाइंस की कम से कम 156 फ्लाइट्स रद्द कर दी गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, अल्लामा इकबाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कुल 22 और इस्लामाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 18 इंटरनेशनल फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई। इससे बड़ी संख्या में यात्री फंस गए हैं। अधिकारियों ने पुष्टि की कि मुल्तान, सियालकोट, पेशावर और क्वेटा के एयरपोर्ट से मिडिल ईस्ट के देशों के लिए जाने वाली कई फ्लाइट्स भी कैंसिल कर दी गई। इसके अलावा, जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मिडिल ईस्ट के अलग-अलग शहरों के लिए जाने वाली कई फ्लाइट्स को दिन भर के लिए रोक दिया गया।

## खाड़ी देशों की तरफ जाने वाली उड़ानें आज भी रद्द, सैकड़ों यात्री नेपाल हवाईअड्डे पर फंसे

**काठमांडू।** मध्यपूर्व में बढ़ते तनाव का असर काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (टीआईए) के संचालन पर भी पड़ा है, जिसके कारण सैकड़ों यात्री फंसे हुए हैं। खाड़ी क्षेत्र के कई हवाई अड्डों शारजाह, दोहा, दुबई, कुवैत सिटी, अबू धाबी और दमाम में संचालन निलंबित होने के बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इसके परिणामस्वरूप रविवार को काठमांडू से प्रस्थान और आगमन करने वाली कई उड़ानें रद्द कर दी गईं। शनिवार से ही यात्री हवाई अड्डे पर फंसे हुए हैं और रविवार सुबह कई यात्रियों को असमंजस की स्थिति में प्रतीक्षा करते देखा गया। टर्मिनल परिसर में विभिन्न स्थानों पर उड़ान रद्द होने की सूचनाएं चस्पा की गई हैं। त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से जारी सूचना के अनुसार अगले आदेश तक कतर एयर, फ्लाई दुबई, एमिरेट्स एयर, कुवैत एयर, एयर अरेबिया सहित नेपाल से खाड़ी देशों में जाने वाले हिमालयन एयरलाइंस और नेपाल एयरलाइंस की उड़ाने भी रद्द की गई है।

## ओमान तट के पास तेल टैंकर पर ईरान का हमला, बचाए गए 15 भारतीय नागरिक

**मस्कट।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने पलाऊ के झंडे वाले तेल टैंकर स्काईलाइट पर हमला किया है। यह हमला उस वक्त किया गया, जब वह ओमान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहा था। इस दौरान जहाज पर सभी 20 क्रू मेंबर्स को निकाल लिया गया, जिनमें 15 भारतीय नागरिक और 5 ईरानी नागरिक शामिल थे। क्रू के चार मेंबर्स को चोटें आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए ले जाया गया है। ओमान न्यूज एजेंसी (ओएनए) ने रविवार को मैरीटाइम सिक्योरिटी सेंटर (एमएससी) के हवाले से बताया कि ओमान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रिपब्लिक ऑफ पलाऊ का झंडा लहरा रहे एक ऑयल टैंकर को मुसंदम गवर्नरेट में खासाब पोर्ट से निशाना बनाया गया।

# भाजपा की 'परिवर्तन संकल्प रथ यात्रा' का गड़बेता से भव्य आगाज

**मेदिनीपुर ■ एजेंसी**

पश्चिम बंगाल में संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 'परिवर्तन संकल्प रथ यात्रा' का रविवार को भव्य आगाज हुआ। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के गड़बेता में जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ रथ यात्रा का विधिवत उद्घाटन किया।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शनिवार देर रात ट्रेन से खड़गपुर पहुंचे और मुंबई रोड स्थित एक निजी होटल में विश्राम किया। रविवार सुबह उन्होंने खड़गपुर के प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर में दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की और राज्य की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों और सेवायतों से संक्षिप्त बातचीत भी की।

मंदिर दर्शन के बाद केंद्रीय मंत्री खड़गपुर के



कार्यकर्ताओं के साथ सीधे गड़बेता के लिए रवाना हुए। गड़बेता ब्लॉक कार्यालय के सामने आयोजित विशाल जनसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्साह के बीच उन्होंने 'परिवर्तन संकल्प रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उद्घाटन समारोह के दौरान 'जय श्री राम' और 'भारत माता की जय' के नारों से पूरा गड़बेता गुंजायमान रहा।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह यात्रा केवल भाजपा की यात्रा नहीं, बल्कि बंगाल की जनता के संकल्प की यात्रा है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के माध्यम से पार्टी अपनी नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने और आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि लूट कटमनी लेने वाली सरकार को बख्शा नहीं जाएगा, सबको जेल जाना पड़ेगा। बंगाल की जनता अब तृणमूल के नेताओं के दबंगई से थक चुकी है, आने वाले चुनाव में जनता स्पष्ट फैसला करेगी।

उन्होंने कहा बंगाल में स्कूल तो हैं, लेकिन स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं। इसी बंगाल में ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने नारी शिक्षा के लिए कितना सुदृढ़ कार्य किया था और स्वामी विवेकानंद ने भी इसी धरती से पूरे विश्व को जगाया। लेकिन वर्तमान सरकार उनके विचारों के विरुद्ध जाकर बंगाल को बर्बाद कर रही है। वहीं, स्थानीय नेताओं ने जिले की कानून व्यवस्था और विकास की गति पर भी सवाल उठाए। इस अवसर पर भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी, झाड़ग्राम के जिलाध्यक्ष तूफान महतो, सोनाली मुर्मू, सुमित कुमार दास, इंद्रनील घोष सहित प्रदेश के कई वरिष्ठ नेता और भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मंच से शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि धर्मेंद्र जी आप ने मुझे नंदीग्राम में जिताने के लिए बहुत मेहनत किया। मैं आपको कमिटमेंट देता हूं कि पुरुलिया, बांकुड़ा, झाड़ग्राम, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर की 54 सीटें हम सब जीतेंगे, तृणमूल को पूरा साफ कर देंगे। 2024 में उड़ीसा में भाजपा की सरकार बनी, 2025 में सीतामाता के गढ़ बिहार में और 2026 में बंगाल में भी भाजपा की सरकार बनेगी, मां काली की जय!

### गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुई काशी की ऐतिहासिक सफलता

# चीन का रिकॉर्ड ध्वस्त, काशी ने रचा नया कीर्तिमान, एक घंटे में रोपे 251446 पौधे

**रामनगर डोमरी के 'शहरी वन' में गूंजा हर-हर महादेव**
**वाराणसी बना दुनिया का सबसे बड़ा मियावाकी वन क्षेत्र**

**वाराणसी ■ एजेंसी**

उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी ने रविवार को पर्यावरण संरक्षण के इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज करा लिया है। वाराणसी के सुजाबाद डोमरी क्षेत्र में आयोजित 'वृहद पौधरोपण कार्यक्रम' ने एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है जिसने पूरी दुनिया को अचंभित कर दिया है। मात्र एक घंटे की निर्धारित समयावधि के भीतर वाराणसी ने 2,51,446 पौधों का सफल रोपण कर चीन के आठ साल पुराने रिकॉर्ड को आधिकारिक रूप से ध्वस्त कर दिया है। मौके पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के जज ऋषि नाथ ने महापौर अशोक कुमार तिवारी व हिमांशु पाल को नया कीर्तिमान स्थापित करने पर सर्टिफिकेट भी सौंपा।

इस ऐतिहासिक पल को दर्ज करने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम सुबह से ही डोमरी में मौजूद रही। नगर निगम और विभिन्न सामाजिक व सरकारी संस्थाओं के अभूतपूर्व समन्वय से सुजाबाद डोमरी के 350 बीघा क्षेत्र में विकसित किए गए इस आधुनिक 'शहरी वन' ने आज विश्व



पटल पर भारत का मस्तक ऊंचा कर दिया है।

**चीन का 2018 का रिकॉर्ड अब बीती बात**-अब तक एक घंटे में सर्वाधिक पौधे लगाने का विश्व रिकॉर्ड चीन की हेनान प्रांतीय समिति और हेनान शिफांगे ग्रीनिंग इंजीनियरिंग कंपनी के नाम था। उन्होंने 10 मार्च 2018 को 153,981 पौधों का रोपण कर यह गौरव हासिल किया था। हालांकि, डोमरी में मियावाकी तकनीक और विशाल जनभागीदारी के माध्यम से जिस सुनियोजित ढंग से 250,000 पौधों का रोपण किया गया, उसने न केवल चीन के रिकॉर्ड को तोड़ा है, बल्कि उसे बहुत पीछे छोड़ दिया है।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निर्णायक ऋषि नाथ और विश्व रिकॉर्ड रणनीतिकार निश्चल बारोट ने मौके पर मौजूद रहकर प्रत्येक गतिविधि की सूक्ष्मता से निगरानी की। ड्रोन कैमरों और आधुनिक डिजिटल गणना तंत्र के जरिए हुई सटीक पुष्टि के बाद ऋषि नाथ ने आधिकारिक रूप से इस नए रिकॉर्ड की घोषणा की।

**60 पावन गंगा घाटों की प्रतिकृति बना 'शहरी वन'**-इस 'शहरी वन' की सबसे अनूठी विशेषता इसकी बनावट और वैचारिक पृष्ठभूमि है। पूरे वन क्षेत्र को 60 अलग-अलग सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर का नाम काशी के सुप्रसिद्ध गंगा घाटों जैसे -दशाश्वमेध, ललिता घाट, नया घाट, मणिकर्णिका घाट, केदार घाट, चौशट्टी घाट, मानमंदिर घाट और शीतला घाट के नाम पर रखा गया है। यह बनावट ऐसी है कि भविष्य में जब ये पौधे वृक्ष बनेंगे, तो गंगा किनारे एक हरा-भरा 'मिनी काशी' का स्वरूप नजर आएगा। प्रत्येक सेक्टर में लगभग 4,000 से अधिक पौधे लगाए गए हैं। इनमें शीशम, अर्जुन, सागौन और बांस जैसी 27 देशी प्रजातियों के साथ-साथ आम, अमरूद और पपीता जैसे फलदार वृक्षों और अश्वगंधा, शतावरी व गिलोय जैसी औषधियों को प्राथमिकता दी गई है।

**जनभागीदारी का महाकुंभ**-इस विश्व रिकॉर्ड को बनाने के पीछे महीनों की सूक्ष्म तैयारी और हजारों हाथों का सामूहिक श्रम शामिल है। रविवार की सुबह से ही डोमरी में भारी उत्साह का माहौल रहा। इस महाभियान में सुरक्षा एवं सैन्य बल ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय सेना के 39 जीटीसी, 34 जीटीसी, 39 जीआर, और 137 सीएफटीएफ (टीए) के जवानों ने अनुशासन की मिसाल पेश की। वहीं, एनडीआरएफ, सीआरपीएफ, नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) और उत्तर प्रदेश पुलिस की 36 व 39 वाहिनी पीएसी के जवानों ने पूरी ऊर्जा के साथ पौधरोपण किया। अभियान में नमामि गंगे, उत्तर प्रदेश वन विभाग, कृषि विभाग, डूडा और नगर निगम की टीमों ने तकनीकी प्रबंधन और सिंचाई की व्यवस्था संभाली।

इस ऐतिहासिक अभियान में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, यूपी कालेज, देहरादून पब्लिक स्कूल, मुकुलारेंडम स्कूल के हजारों छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस के स्वयंसेवकों ने इस कार्यक्रम को एक जन-आंदोलन में बदल दिया।

# बीएचईएल ने 52वीं एसआरजीएम नेवल गन गोवा शिपयार्ड के लिए की रवाना



**हरिद्वार ■ एजेंसी**

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) हरिद्वार के रक्षा एवं एयरोस्पेस विभाग की निर्मित 52वीं नेवल गन की खेप गोवा शिपयार्ड लिमिटेड के लिए रवाना किया गया। रविवार को बीएचईएल के निदेशक (वित्त) आरके द्विवेदी ने हरिद्वार इकाई के कार्यपालक निदेशक रंजन कुमार की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर निदेशक (वित्त) द्विवेदी ने कहा कि बीएचईएल की विकसित यह नेवल गन, देश की सामरिक क्षमताओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि बीएचईएल ने ऊर्जा एवं औद्योगिक क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के साथ-साथ, रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भी उत्कृष्टता स्थापित की है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक रंजन कुमार ने बताया कि यह नेवल गन 35 किलोमीटर के दायरे में हवा, पानी और समुद्र में विभिन्न प्रकार के लक्ष्यों को भेद सकती है। साथ ही लक्ष्य की स्थिति के आधार पर, विभिन्न प्रकार के गोला-बारूद का चयन करने में भी सक्षम है।

इस अवसर पर राजेश कुमार द्विवेदी ने मानव संसाधन विकास केंद्र तथा इसके परिसर में स्थित वेल्डिंग स्कूल भवन में लगाए गए 300 किलोवॉट रूफ टॉप सोलर पॉवर प्लांट का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि इस पॉवर प्लांट से न केवल विद्युत लागत में बचत होगी, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी और 'हरित भारत' के लक्ष्य को नई गति मिलेगी।

विदित हो कि बीएचईएल हरिद्वार में वित्त प्रमुख एवं ऑडिटर्स सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में कंपनी की विभिन्न इकाइयों, कॉर्पोरेट कार्यालय तथा पावर सेक्टर्स के वित्त प्रमुखों एवं ऑडिटर्स ने भाग लिया।

इन अवसरों पर कॉर्पोरेट कार्यालय की कार्यपालक निदेशक एच. मालती एवं केजी विजयलक्ष्मी, बीएचईएल हरिद्वार के महाप्रबंधक के. कृष्णमोहन, संतोष कुमार गुप्ता तथा राहुल मिश्रा सहित अन्य महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# पुद्दुचेरी में शुरू हुआ देश का पहला 'डिजिटल खाद्य मुद्रा' पायलट प्रोजेक्ट

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

केंद्र सरकार ने खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के आधुनिकीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने रविवार को पुद्दुचेरी में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएम एमजीकेवाई) के तहत केंद्रीय बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) आधारित 'डिजिटल खाद्य मुद्रा' पायलट प्रोजेक्ट का भव्य उद्घाटन किया।

केंद्रीय उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने उद्घाटन के दौरान कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सीबीडीसी का एकीकरण भारत की खाद्य सुरक्षा संरचना में एक क्रांतिकारी बदलाव है। हमारा लक्ष्य 'हर दाना, हर रुपया, हर हक' सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली से 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा और वितरण प्रक्रिया में अभूतपूर्व पारदर्शिता आएगी।



अब तक पुद्दुचेरी में खाद्य सब्सिडी सीधे बैंक खातों में भेजी जाती थी, लेकिन अब इसे सीबीडीसी वॉलेट में स्थानांतरित किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं।

हालिया आंकड़ों के अनुसार, मुफ्त अनाज वितरण से परिवारों का भोजन पर होने वाला खर्च 50 प्रतिशत तक कम हो गया है जिससे लोग अब अपनी बचत का उपयोग दूध सब्जी और अन्य पौष्टिक वस्तुओं पर कर पा रहे हैं।पुद्दुचेरी में सफलता के बाद इस पायलट प्रोजेक्ट का विस्तार जल्द ही चंडीगढ़ और दादरा एवं नगर हवेली समेत 3-4 अन्य राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में किया जाएगा। इसके बाद प्राप्त परिणामों के आधार पर इसे पूरे देश में लागू करने पर विचार किया जाएगा।

पुद्दुचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगासामी और उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे वंचितों के सशक्तिकरण का नया अध्याय बताया।

# ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हमले से मुरादाबाद निर्यातक चिंतित

**मुरादाबाद ■ एजेंसी**

ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हमले के बाद मुरादाबाद के हस्तशिल्प उत्पाद के करीब 2500 निर्यातक चिंतित हैं। भारतीय निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के चेयरमैन का मानना है कि इस हमले से निर्यातकों को करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ेगा। अमेरिका व इजराइल और ईरान के युद्ध की वजह से फ्रैंकफुर्त मेले व दिल्ली फेयर में मिले आर्डर अब होल्ड कर दिए जाएंगे।

भारतीय निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के चेयरमैन मुरादाबाद निवासी डॉ नीरज विनोद खन्ना ने बताया कि जिले से हर साल आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक के हस्तशिल्प उत्पाद का निर्यात होता है। इसमें सबसे ज्यादा निर्यात अमेरिका, जापान समेत मिडिल ईस्ट देशों में होता है। उन्होंने कहा कि अगर युद्ध चलता रहा तो हस्तशिल्प उत्पाद का कारोबार प्रभावित होगा और निर्यातकों के आर्डर रुक



जाएंगे। इसके साथ ही जिन आर्डरों पर खरीदारों से बातचीत चल रही है वह भी बंद हो जाएगी। इसकी वजह से आगामी आर्डर नहीं मिलेंगे। जिले के सैकड़ों निर्यातकों का 75 प्रतिशत हस्तशिल्प उत्पाद का कारोबार प्रभावित होने की संभावना रहेगी।

मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट एसोसिएशन के महासचिव व ईपीसीएच के संयोजक अवधेश अग्रवाल ने बताया कि पहले टैरिफ और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों ने निर्यात को प्रभावित किया है। अब ईरान पर इजराइल और अमेरिकी हमले ने हमारी चिंता बढ़ा दी है। वर्ष 2025 में अकेले अमेरिका से आधे से अधिक निर्यात घट गया था। यह युद्ध लंबा चला तो करोड़ अरबों का निर्यात प्रभावित होगा। शिपिंग लागत में वृद्धि होगी और माल ढुलाई महंगा होगा। कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव बढ़ेगा।

जेएमडी विवेक इंटरनेशनल के विवेक अग्रवाल ने बताया कि हस्तशिल्प उत्पाद का कारोबार नाजुक होता है। विदेशों में शांति होती है तब ज्यादा से ज्यादा आर्डर मिलते हैं। थोड़ी सी हलचल निर्यात को ज्यादा प्रभावित करती है। अगर अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच युद्ध खत्म नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में फैक्टरियों में काम बंद होने शुरू हो जाएंगे। आर्डर के भुगतान में देरी होगी।

### खामेनेई की मौत के बाद राची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर झड़प

# सुरक्षाकर्मियों ने चलाईं गोलियां 9 लोगों की मौत, 18 घायल

**इस्लामाबाद ■ एजेंसी**

*ईरान पर रविवार सुबह इजराइल और अमेरिका के संयुक्त हमले में वहां के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खमेनेई की मौत की खबर से पाकिस्तान के अलग-अलग हिस्सों में लोग भड़क गए हैं। हजारों प्रदर्शनकारी आज कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर जमा होकर नारेबाजी की। इस दौरान हुई झड़प के बाद अमेरिकी सुरक्षाकर्मियों ने गोलियां चला दीं, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सिंध के गृह मंत्री ने पुलिस से घटना की*



*रिपोर्ट तलब की है।*

*जियो टीवी ने सरकारी अस्पताल के अधिकारियों के हवाले से बताया है कि कराची में आज दोपहर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर अमेरिका और इज़राइली हमलों का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प के दौरान कम-से-कम 9 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। अस्पताल के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है।*

*घटना को लेकर इस्लामाबाद स्थित यूएस दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बयान जारी कर अपने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। इसमें कहा गया है कि, क्हम कराची और लाहौर में अमेरिकी वाणिज्य दूतावासों के समक्ष चल रहे प्रदर्शनों की खबरों पर नजर रख रहे हैं। साथ ही इस्लामाबाद में अमेरिकी दूतावास और पेशावर में वाणिज्य दूतावास के समक्ष प्रदर्शनों के आह्वान पर भी हमारी नजर है। पाकिस्तान में रहने वाले अमेरिकी नागरिकों को स्थानीय समाचारों पर नजर रखने और व्यक्तिगत सुरक्षा के अच्छे उपाय के साथ सतर्कता, भीड़भाड़ वाली जगहों से बचने की सलाह दी जाती है।'*

*इससे पहले उग्र प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इजराइल पर मध्य पूर्व में अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए बैरिकेड तोड़े दिए। भीड़ ने अमेरिकी प्रतीकों को निशाना बनाया और दूतावास परिसर के एक हिस्सों में आग लगा दी।*

*ईधी एम्बुलेंस सर्विस के मुताबिक, 06 शव और 10 घायलों को शुरू में एमटी खान रोड से सिविल अस्पताल कराची ले जाया गया था।*



**नई दिल्ली।** ईरान के सर्वोच्च नेता सैयद अली खामेनेई के अमेरिका और इजरायली हमले में मारे जाने पर देशभर के शिया समुदाय में काफी गुस्सा और गम देखा जा रहा है। देश के शिया बहुल क्षेत्रों कारगिल, लद्दाख, लखनऊ, बिजनौर आदि में इस घटना का विरोध करने के लिए शिया मुसलमान सड़कों पर उतरे और राजधानी दिल्ली में भी प्रदर्शन किया। जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन में भारत सरकार से मजलूम का साथ देने और सैयद अली खामेनेई के निधन पर शोक संदेश जारी करने की मांग की गई। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए शिया धर्म गुरुओं ने कहा कि भारत ने हमेशा मजलूमों का साथ दिया है और इस बार भी भारत सरकार को मजलूमों का साथ देना चाहिए।

समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश
किसान कल्याण वर्ष 2026

## लोक संस्कृति का सम्मान
## विकास का अभिनव अभियान

# कृषि कैबिनेट





अध्यक्षता
## डॉ. मोहन यादव
## मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**2 मार्च, 2026 । पूर्वाह्न 11:30 बजे । नागलवाड़ी, बड़वानी**

*वर्ष 2026 को हम किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। हमारा ध्येय कृषि को औद्योगिक गतिविधियों से जोड़कर किसानों की आय में स्थायी वृद्धि करना और कृषि को पारंपरिक उत्पादन से आगे ले जाकर अन्नदाता की समृद्धि सुनिश्चित करना है।*

*- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री*

D11215/25

## अन्नदाता के साथ, प्रदेश का विकास

### उड़द प्रोत्साहन योजना 2026
उड़द किसानों को मिलेगा एमएसपी के अतिरिक्त ₹600 प्रति क्विंटल बोनस का सीधा लाभ।
लगभग 3 लाख हेक्टेयर संभावित बोनी क्षेत्र से बढ़ेगा उत्पादन एवं किसानों की आय।

### भावांतर योजना- सरसों 2026
सरसों उत्पादन में वृद्धि को देखते हुए 15.71 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान।
फसल की सही कीमत सुनिश्चित करने हेतु भावांतर योजना में शामिल करने का प्रस्ताव केन्द्र को प्रेषित।

### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पोषण मिशन
आगामी 5 वर्षों तक निरंतरता के साथ धान, गेहूं, दलहन, मोटा अनाज एवं नगदी फसलों का विस्तार।
₹3285.49 करोड़ की स्वीकृति से खाद्य सुरक्षा और किसानों की आय वृद्धि।

### प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई परियोजना
पर ड्रॉप मोर क्रॉप परियोजना की 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक निरंतरता स्वीकृत करते हुए ₹ 2393.97 करोड़ के प्रावधान से सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा, जल संरक्षण एवं उत्पादन क्षमता में वृद्धि।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना
कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु 2031 तक निरंतरता के लिए ₹2008.68 करोड़ की स्वीकृति से कृषि अधोसंरचना और नवाचार को बल।

### राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन
प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने हेतु आगामी 5 वर्षों के लिए ₹ 1101 करोड़ के निवेश से टिकाऊ खेती और लागत में कमी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम।

### राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन
मिशन को गति देने 5 वर्ष की निरंतरता के लिए ₹1793.87 करोड़ की स्वीकृति से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में खाद्य तेल उत्पादन में वृद्धि को मिलेगा बल।

### चना, मसूर एवं तुअर का उपार्जन
दलहन किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ सुनिश्चित करने की पहल, प्रस्ताव केन्द्र को प्रेषित।

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2026

# होली पर्व की हार्दिक मंगलकामनाएं

डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश


प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा प्रभा काम्पलेक्स के पास, मीनाक्षी चौक, आई.टी.आई. रोड, होशंगाबाद से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक- डी.पी.गोयल।मो.9827054436भोपाल कार्यालय : 4240007. डाक पंजीयन - MP/HSD/04/2026-2028 व्यवस्थापक- डी.सी. पारे, मो. 8878623331 Email: amritdarshan@yahoo.com (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।